धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ



# रामनवमी पर पूरी रांची राममय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रविवार को राजधानी रांची सहित पूरा झारखंड शोभा यात्रा को ले कर राममय हो गया। रामनवमी का उत्साह राम भक्तों के बीच चरम पर है। रांची में महावीर मंडल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में रामभक्त रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल हुए। हर तरफ सिर्फ और सिर्फ जय श्री राम के नारे ही सुनायी पड़ रहे थे। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर पूरा माहौल राम की भक्ति में समा रहा। हर ओर से शोभा यात्रा यहां पहुंच रही थी। स्वागत के लिए विशेष तैयारी थी। शोभा यात्रा में शामिल रामभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की की जा रही थी। शहर के विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा में शामिल रामभक्त अलबर्ट एक का चौक होते हुए तपोवन मंदिर में जुटे। वहां पूजा-अर्चना और राम-भरत मिलाप के बाद सभी रामभक्त अपने-अपने घर लौटे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध थे।

- रांची में शोभायात्रा का भव्य नजारा
- जगह-जगह भक्तों पर की गयी पुष्प वर्षा
- महावीरी पताका लेकर तपोवन मंदिर पहुंचे लोग
- जय श्रीराम के नारों से पूरा झारखंड गुलजार

### राम भक्तों के उत्साह में कमी नहीं

महावीरी पताके के साथ बड़ी संख्या में उत्साही रामभक्त अलग-अलग क्षेत्र से तपोवन राम मंदिर पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से इस बार महावीरी पताके की ऊंचाई 4 मीटर तक ही रखने के निर्देश के बाद ज्यादातर मंडलों ने हर साल की तरह गगनचुम्बी महावीरी पताका की जगह ऊंचाई को कम कर दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए कई संगठनों, दलों ने सेवा सह सहायता शिविर लगाया गया था।



### मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा राजधानी

रामनवमी शोभायात्रा में राम भक्तों का उत्साह चरम पर था। राजधानी का हर इलाका - राम जी की निकली सवारी, देश का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में शामिल राम भक्त अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों का मन मोह ले रहे थे। हर रामभक्त परंपरागत हथियारों से लैस थे। मुख्यशोभा यात्रआ श्री महावीर मंडल केंद्रीय कमेटी की ओर से निकाली गयी। सुबह से हीं श्रद्धालु मंदिरों में विधानपूर्वक पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे थे। दोपहर के बाद राजधानी की सड़कों पर रामनवमी की शोभायात्रा निकली।

## न्यूज डायरी

### अपराधियों ने दंपति को मारी गोली, पत्नी की मौत

**मेदिनीनगर।** अपराधियों ने शनिवार की रात घर में घुसकर पति और पत्नी को गोली मार दी। इस घटना में पत्नी की मौत हो गयी, जबकि पति का हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा है। घटना पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी गांव की है। अपराधी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। घायल कजरी के रामा सिंह (50) व मृतक उनकी पत्नी बबीता देवी (45) शामिल हैं।

### रामनवमी पर रामसेतु के दिव्य दर्शन : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से मैं जिस समय रामसेतु के दर्शन कर रहा था, उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।

### राज्यपाल, सीएम ने दी मंगल शुभकामनाएं

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें धर्म, सत्य, करुणा और मर्यादा की पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रभु श्री राम का विशाल जीवन हमें प्रेम, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, उदारता और त्याग का अप्रतिम संदेश देता है।

### कोलकाता: शोभायात्रा में मिथुन दा भी शामिल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इसमें केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और अभिनेता और बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती अन्य पार्टी नेताओं के साथ शामिल हुए। कल देश भर में रामनवमी का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा था।

# सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के ललाट पर सजा सूर्य तिलक

## अभिजीत मुहूर्त पर चार मिनट के दुर्लभ संयोग देख दुनिया मंत्रमुग्ध

**एजेंसी**

**अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त पर श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक हुआ। करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा। दुनिया इस अभूतपूर्व पल की साक्षी बनी। सूर्य तिलक के साथ ही मंदिर में आरती की गयी। इससे पहले कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद रहे। गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गयी, ताकि सूर्य तिलक स्पष्ट नजर आये। रामनवमी पर दूसरी बार रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया है। इसका सीधा प्रसारण देश-दुनिया के लोगों ने देखा। बीते साल भी रामनवमी के अवसर पर रामलला का सूर्य तिलक किया गया था। ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि अगले बीस साल तक लगातार सूर्य तिलक होता रहेगा।



### सूर्य तिलक का महत्व

श्री रामजन्मोत्सव पर सूर्य तिलक का धार्मिक महत्व है। प्रेरणा रामचरितमानस कीचौपाई- मास दिवस कर दिवस भा मरम न जानइ कोइ, रथ समेत रबि थाकेउ निसा कवन बिधि होइ---। चौपाई में तुलसीदास लिखते हैं कि रामलला का जब जन्म हुआ, तब सूर्य देव अयोध्या पहुंचे। इतना मोहित हुए कि एक महीने अयोध्या में रह गये। इस दौरान अयोध्या में रात नहीं हुई। भगवान राम सूर्यवंशी थे यानी सूर्य उनके कुल देवता हैं।

### सनातन राष्ट्र के हृदय का अमर दीप : योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक के दृश्य को सनातन राष्ट्र की आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खास पल को लेकर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने इसे भारत की संस्कृति और परंपराओं की दिव्यता की अभिव्यक्ति करार दिया। सूर्य तिलक पूरे भारत को आत्मगौरव के प्रकाश से आलोकित कर रहा है। सूर्य कुलभूषण प्रभु श्री रामलला के भव्य भाल पर अंकित यह स्वर्णिम सूर्य तिलक राष्ट्र के हृदय में आस्था का अमर दीप प्रज्ज्वलित कर रहा है। यह सूर्य तिलक पूरे भारत को आत्मगौरव के प्रकाश से आलोकित कर रहा है और यह हमारी संस्कृति की पवित्रता को दर्शाता है। सूर्य तिलक को लेकर शनिवार को आखिरी ट्रायल किया गया था। आठ मिनट तक चले इस ट्रायल के दौरान इसरो के साथ-साथ आइआइटी रुड़की और आइआइटी चेन्नई के एक्सपर्ट भी मौजूद रहे थे। मौके पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया था। राम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, रामपथ तक जोन में बंटे हुए थे। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही थी।

## तपोवन मंदिर में पूजा कर सीएम ने राज्य की खुशहाली मांगी

# श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें, यही रामनवमी का संदेश है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामनवमी के मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी धर्मपत्नी व विधायक कल्पना सोरेन के साथ श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में विधि- विधान से विशेष पूजा- अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा- हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, यही रामनवमी महापर्व का संदेश है। उन्होंने लोगों को इस मौके पर शुभकामना दी और कहा, भगवान श्रीराम आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें, यही मंगलकामना है। मंदिर प्रबंधन ने सीएम को भेंट स्वरूप तलवार सौंपा। पूजा-अर्चना के बाद पति-पत्नी दोनों ने तमाम राम भक्तों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया।

**सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें पर्व :** मौके पर सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने की अपील की।



तपोवन मंदिर में पूजा अर्चना करते सीएम व उनकी विधायक पत्नी।

उन्होंने कहा, पूरी श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं। यह भगवान श्री राम के प्रति हमारी असीम श्रद्धा एवं आस्था का परिचायक है। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश शरण एवं सदस्य प्रणय कुमार, श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव, ट्रस्ट के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह से ही रांची के रामभक्त हनुमान मंदिर और तपोवन के अति प्राचीन मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए कतारवद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखे गये। इससे पहले उन्होंने कांके रोड स्थित सीएम आवास के हनुमान मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की। भगवान श्रीराम और रामभक्त हनुमान से राज्य के चहुमुखी विकास, सुख -समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 83,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 96,000 रु./प्रति किलो |




## भारत ने समुद्र पर लिखी नयी इबारत... ब्रिज पर दौड़ी पहली रेल

# पीएम मोदी ने पंबन रेल ब्रिज का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**रामेश्वरम।** पीएम मोदी ने रामनवमी के दिन रविवार को रामेश्वरम में पंबन रेल पुल का उद्घाटन किया। 2.08 किलोमीटर लंबा यह ब्रिज रामेश्वरम (पंबन द्वीप) को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। पीएम ने रिमोट डिवाइस का उपयोग करके पुल के वर्टिकल लिफ्ट स्पैन को संचालित किया, जिससे तटरक्षक जहाज नीचे से गुजर सका। नवनिर्मित संरचना देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है, जो स्वदेशी इंजीनियरिंग की अभूतपूर्व प्रगति को दर्शाता है। इसके साथ ही भारत नें समुद्र पर नयी इबारत लिखी, पंबन ब्रिज पर दौड़ी भारत की पहली रेल। नीचे से तटरक्षक जहाज भी गुजरा।

**एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज :** पंबन द्वीप पर बना यह भारत ही नहीं एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज है। 2019 में पीएम मोदी ने ही इसकी नींव रखी थी। इस मौके पर पीएम ने चेन्नई में रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नयी ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखायी। इससे पहले पुराने रेलवे ब्रिज को सुरक्षा की दृष्टि से दिसंबर 2022 में बंद कर दिया गया था। इस वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज के शुरू होने से मंडपम से आगे की रेल कनेक्टिविटी फिर से शुरू हो गयी।

### इंजीनियरिंग का चमत्कार

प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है। पंबन ब्रिज की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री रेलवे ब्रिज है, जिसके नीचे से बड़े जहाज गुजर सकेंगे और इस पर ट्रेनें तेजी से चल सकेंगी। आज देश में मेगा परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है और तमिलनाडु विकसित भारत की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



**तमिल में हस्ताक्षर करें नेता :** इस मौके पर तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें बड़ी हैरानी होती है जब तमिलनाडु के कुछ नेता उन्हें पत्र लिखते हैं और तमिल में हस्ताक्षर नहीं करते। वे चाहते हैं कि नेता तमिल में हस्ताक्षर करें, जो सभी के लिए गौरव की बात होगी।

**पंबन ब्रिज की खासियत :** नया पंबन रेलवे ब्रिज, जिसकी लागत 704 करोड़ रुपये है। वर्टिकल लिफ्ट समुद्री रेलवे ब्रिज है, जो अपनी अनूठी विशेषताओं के लिए जाना जाता है। यह 2.08 किलोमीटर लंबा ब्रिज 2019 में बनना शुरू हुआ था। इसके बीच का एक हिस्सा 17 मीटर ऊंचाई तक उठाया जा सकता है, ताकि नीचे से समुद्र में जहाज गुजर सकें। इस ब्रिज पर ट्रेनें 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी, जो पहले केवल मंडपम तक ही सीमित थीं। दिसंबर 2022 से मंडपम और रामेश्वरम के बीच रेल कनेक्टिविटी बंद थी, लेकिन अब इस ब्रिज के उद्घाटन के साथ आज शाम 4 बजे से पैसेंजर ट्रेनें शुरू हो गयी, जिससे क्षेत्र में रेल संपर्क फिर से बहाल होगा।

# राहुल गांधी आज पटना में नेताओं को देंगे टास्क

- बेगूसराय में कन्हैया कुमार के साथ करेंगे पदयात्रा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को एक दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। दो महीने के भीतर तीसरी बार बिहार आ रहे श्री गांधी सदाकत आश्रम में पार्टी पदाधिकारियों को चुनावी टिप्स देंगे। चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे और पार्टी नेताओं को टास्क सौपेंगे। रविवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल के दौरे की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पटना एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे बेगूसराय जाएंगे। वहां वे पार्टी की ओर से चलाए जा रहे पलायन रोका-नौकरी दो पदयात्रा में शामिल होंगे। उनकी पदयात्रा में कन्हैया कुमार भी शामिल रहेंगे। पटना आने के बाद श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सामाजिक न्याय सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद राहुल सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे। यह दौरा आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें कांग्रेस एकजुट विपक्षी मोर्चे के साथ चुनाव लड़ेगी। गांधी युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को उजागर करेंगे।

### प्रदेश भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

# आत्मनिर्भर भारत की यात्रा पर बढ़ रही भाजपा: बाबूलाल मरांडी

■ जनसंघ से लेकर भाजपा की 45 वर्षों के काल खंड में पार्टी ने आदर्शों, सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ आत्म निर्भर भारत की यात्रा पर बढ़ रही आगे



**रांची।** भाजपा ने रविवार को बूथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। श्री राम नवमी के साथ साथ अपने अपने घरों में भाजपा का ध्वज लगाकर हजारों कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। भाजपा मुख्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का ध्वज लगाया एवं पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा की 45 वर्षों के काल खंड में पार्टी ने अपने आदर्शों, सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की है। राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आज अंत्योदय के साथ आत्म निर्भर भारत बनाने की यात्रा पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपनी पंच निष्ठा के आधार पर लोकतंत्र की रक्षा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती, संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुये आत्म निर्भर भारत बनाने केलिये आगे बढ़ चले है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत आज साकार हो रहा है। भाजपा की नीतियों कार्यक्रमों के समर्थन के कारण ही आज 20 प्रदेशों में भाजपा और एनडीए की सरकारें जनता की सेवा कर रही हैं।

### आरोप : आयुष्मान घोटाला के दोषियों को बचाने का काम किया

# स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझ कर निदेशक के जांच प्रतिवेदन को छुपाया : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कई चिकित्सक ऐसे हैं जो दिशा-निर्देश की अवहेलना कर आयुष्मान योजना से सूचीबद्ध अस्पतालों में निजी प्रैक्टिस करते पाये गये

**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने आयुष्मान घोटाले में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की संलिप्तता का एक नया पहलू उजागर किया है। श्री राय के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने जान बूझकर वैसे सरकारी चिकित्सकों पर कोई कार्रवाई नहीं की, जो नियम के विरुद्ध आयुष्मान के साथ सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के साथ कार्य कर रहे थे। वहां इलाज किया या सूचीबद्ध निजी अस्पतालों ने उनके नाम पर इलाज किया हुआ दिखाया और इन्शोयेरेंस कंपनी से नाजायज पैसे का दावा किया। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक, प्रमुख से 3 अगस्त 2022 को पत्र संख्या 474 के माध्यम से अनुरोध किया कि वे सरकारी नेत्र चिकित्सकों एवं गैर नेत्र चिकित्सकों द्वारा पदस्थापित अस्पताल के अतिरिक्त निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में किये जा रहे कार्य की तथ्यात्मक जांच करा कर जांच प्रतिवेदन यथाशीघ्र उन्हें उपलब्ध कराये। इस पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश पत्रांक 866 दिनांक 15 जुलाई 2016 की अवहेलना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के निदेशक के उपर्युक्त पत्र के उपरांत स्वास्थ्य विभाग में इस संबंध में जांच हुई और पाया गया कि बड़ी संख्या में ऐसे चिकित्सक हैं जो दिशा-निर्देश की अवहेलना कर उन सूचीबद्ध अस्पतालों में निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। जो निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत सरकारी लाभ बीमा कंपनियों के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई डॉक्टर तो जिस जिले में पदस्थापित हैं, उस जिले से काफी दूर के जिलों के सूचीबद्ध अस्पतालों में निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं।

# झारखंड में मौसम साफ होते ही बढ़ी गर्मी, आज से फिर बदलेगा मौसम


### सभी जिलों में तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट जारी

**मौसम पूर्वानुमान**

■ पश्चिमी विक्षोभ और निम्न दबाव का पूरे राज्य में दिखेगा असर

■ पलामू, बोकारो और जमशेदपुर जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। इससे गर्मी का एहसास होने लगा है। राजधानी रांची में 24 घंटे के भीतर ही तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं पलामू, बोकारो और जमशेदपुर में तापमान बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच गया। इधर जानकारी के अनुसार राज्य में सोमवार से मौसम एक फिर करवट लेगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ और निम्न दबाव के कारण सभी जिलों में तेज हवा और वज्रपात को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में सात अप्रैल को उत्तर-पूर्वी भागों में कही-कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने की संभावना है। आठ अप्रैल को विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और 40 से 50 किमी की गति से हवा चलने और वज्रपात होने होने का अनुमान जताया है। इसके अलावा मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर-पूर्वी हिस्सों में भी कहीं कहीं पर गर्जन और 30 से 40 किमी की हवा चलने और वज्रपात की आशंका है। वहीं नौ अप्रैल को भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अनुसार दक्षिण-पूर्वी और पूर्वी- मध्य भाग के कुछ जिलों में गर्जन और 40 से 50 किमी की गति से हवा चलने की आशंका व्यक्त की गई है।

वहीं दक्षिणी-पश्चिमी, मध्य तथा उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### डॉ भीमराव अंबेडकर राष्ट्र गौरव अवार्ड के लिए डॉ बीरेन्द्र महतो का चयन



**रांची।** झारखंड में लुप्त होती कठपुतली कला और नागपुरी भाषा के संरक्षण व संवर्द्धन के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए टीआरएल संकाय, रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी विभाग के प्राध्यापक डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो का चयन डॉ भीमराव अंबेडकर राष्ट्र गौरव अवार्ड - 2025 के लिए किया गया है। फतेहाबाद, आगरा में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को इस सम्मान से डॉ महतो को सम्मानित किया जायेगा। डॉ महतो ने बताया कि बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी के मुख्य अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ऋषि वर्मा ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है।

### झारखंड भाजपा में जल्द होने जा रहा बड़ा बदलाव !

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बनाये जा सकते हैं भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष

■ भाजपा में एक व्यक्ति, एक पद का फॉर्मूला, बाबूलाल के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद नये प्रदेश अध्यक्ष की खोज जारी

**उदय चौहान**



**रांची।** झारखंड भाजपा की राजनीति में बड़े बदलाव के कयास लगाये जा रहे हैं। संगठन महापर्व के संपन्न होने के साथ ही रघुवर दास को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी जा सकती है। इसके लिए तमाम अभ्यास किये जा रहे हैं। हालांकि, विधानसभा चुनाव 2024 में मिली करारी हार के बाद से बाबूलाल मरांडी के स्थान पर नये प्रदेश अध्यक्ष बनाने की अटकलें लगती रही है। अब तक श्री मरांडी को नेता प्रतिपक्ष भी बना दिया गया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा में एक व्यक्ति, एक पद का फॉर्मूला काम करता है। इसी के मद्देनजर नये प्रदेश अध्यक्ष की खोज पिछले एक माह से चल रही है। हांलाकि, प्रदेश अध्यक्ष के पद की रेस में रघुवर दास के अलावा राकेश प्रसाद, आदित्य साहू, मनीष जायसवाल जैसे आधा दर्जन नामों की भी चर्चा हो रही है।

चर्चा है कि नये प्रदेश अध्यक्ष बनाने की रणनीति के तहत 10 जनवरी 2025 को ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की दोबारा से पार्टी में एंट्री कराई गई थी। कहा जाता है कि राजनीति में सबकुछ संभव है। यहां हर पल परिस्थितियां बदलती हैं और सही वक्त पर सही चाल ही एक नेता को विजेता बनाती हैं। भाजपा संसदीय बोर्ड ने एक खास रणनीति के तहत एक बड़ा उलटफेर करते हुये दो केंद्रीय पर्यवेक्षक जिसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सांसद डॉ के लक्ष्मण शामिल थे, दोनों की मौजूदगी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। तात्पर्य यह कि बाबूलाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, ओबीसी वर्ग के एक बड़े नेता के रूप में पहचान रखने वाले रघुवर दास के हाथों में प्रदेश भाजपा की कमान सौंपने की तैयारी हो रही है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो रघुवर दास के सिर पर अध्यक्ष की ताजपोसी के लिये ही बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। अब भाजपा का शीर्ष नेतृत्व झारखंड में ओबीसी और एसटी वोट बैंक को ध्यान में रखते हुये एक खास रणनीति के तहत इन दोनों वर्ग से आने वाले चेहरों को प्रमुख स्थान दे सकती है।

### राज्य सरकार ने अप्रैल माह से बैंक खाता को आधार से लिंक कराना किया अनिवार्य

# अपने बैंक खाता को आधार से लिंक नहीं करानेवाली मंईयां योजना के लाभुकों के खाते नहीं जायेगा पैसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** राज्य की हेमंत सरकार ने झारखंड की बेटियों-बहुओं को मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक नायाब तोहफा दिया है। इस योजना के तहत राज्य की 60 लाख महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये का सहयोग दिया जा रहा है। हेमंत की सरकार राज्य की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उदेश्य से इस योजना की शुरूआत की है। परंतु अब इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को चार जरूरी काम करने होंगे। इसके तहत उन्हें सबसे पहले अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराना होगा। ऐसा नहीं कराने पर अप्रैल महीने से उनके खाते में 2500 रुपये नहीं जायेंगे।

**अपने आवेदन का सत्यापन करा लें :** वैसे लाभुक जिन्होंने अपने आवेदन का सत्यापन नहीं कराया है वे जल्द से जल्द अपने प्रखंड कार्यालय में जाकर अपना सत्यापन करा लें। नहीं तो बाद में आपको इस योजना से वंचित होना पड़ सकता है।

#### 16 लाख महिलाओं के खाते में चला गया पैसा

योजना मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 16 लाख महिलाओं के खाते में पैसा भेज दिया गया है। रांची की 4 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में एक साथ तीन माह की राशि भेज दी गयी है। इनके खाते में राशि भेजने के साथ ही सरकार ने साफ कर दिया है कि आधार को अपने खाते से लिंक न कराने वालों को ये राशि नहीं मिलेगी। इसके अलावा भी अन्य कई ऐसी चीजें हैं, जिसे न करने पर आपका नाम इस योजना की लिस्ट कट जाएगा।

#### आधारकार्ड को अपने बैंक खाते से जोड़ लें

वैसे लाभुक जिन्होंने अभी तक अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक नहीं कराया हो तो वे अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक जरूर करा लें। नहीं तो अप्रैल से आपको पैसा नहीं मिलेगा। राज्य सरकार ने भी साफ कर दिया है कि बैंक खाते को आधार से लिंक नहीं कराने वालों को मार्च के बाद पैसा नहीं मिलेगा। वहीं, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने भी जिलावासियों को इसके लिए निर्देशित कर दिया है।

#### डाटा मिस मैच कर रहा तो करा लें ठीक

जिन लाभुकों ने आवेदन करते समय कुछ गलतियां की थी उन्हें भी तुरंत उसे ठीक कराने को कहा गया है। जांच के दौरान पता चला है कि राज्य की तकरीबन 2 लाख महिलाएं की राशि होल्ड पर डाल दी गयी है। उन्होंने फॉर्म भरते समय या तो बैंक का आईएफएससी नंबर सही नहीं भरा था या फिर आवेदन में दर्ज नाम आधार या राशन कार्ड से मैच नहीं कर रहा था। वहीं जिन लाभुकों ने आवेदन जमा करते वक्त स्वघोषणा पत्र पर हस्ताक्षर ही नहीं किया था, वह जल्द से जल्द हस्ताक्षर कर लें।

### गवर्नर ने रामनवमी की दी शुभकामाएं






**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रामनवमी के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें धर्म, सत्य, करुणा और मर्यादा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम की कृपा से हमारा समाज सद्भाव, शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो, यही कामना है।

# क्या झारखंड में हिन्दू होना अपराध है: चंपई

■ रामनवमी के जुलूस पर रोक लगाने मामले पर पूर्व सीएम ने दी प्रतिक्रिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पाकुड़ में प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के रामनवमी जुलूस पर रोक लगाना राज्य सरकार की हिन्दू-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू, मूलवासी समाज वैसे भी शांतिप्रिय होता है, लेकिन अगर सरकार को लगता है कि वे रामनवमी की शोभायात्रा को सुरक्षा तक नहीं दे सकती, तो फिर क्या कहें?

पूर्व सीएम ने कहा है कि उन्होंने पहले भी कहा था कि पाकुड़ में आदिवासी और हिन्दू समाज अल्पसंख्यक हो चुका है, जबकि एक समुदाय विशेष की आबादी दो-तिहाई के करीब है। तो अब क्या सरकार यह बताना चाहती है कि जहां कहीं भी हिन्दू अल्पसंख्यक होंगे, वहां उनके धार्मिक, संवैधानिक अधिकारों को इसी प्रकार छीन लिया जायेगा? क्या झारखंड में हिन्दू होना अपराध है? क्या राज्य सरकार किसी अन्य धर्म के पर्व-त्योहारों पर ऐसा ही तुगलकी फरमान जारी करने का साहस दिखा सकती है?

# चाईबासा में पांच किलो का आइइडी मिला, जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था प्लांट

**बड़ी सफलता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाईबासा।** नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे गए 5 किलो के एक आईईडी को सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी को लगाया था। बरामदगी के बाद उसी स्थान पर बम को नष्ट कर दिया गया। साथ ही सुरक्षा बलों ने तीन नक्सली बंकर, डंप को भी ध्वस्त कर दिया।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहारा, चंदन लोहारा, अमित हांसदा, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ विध्वंसकारी गतिविधियों के लिए सारंडा कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है। जिसके मद्देनजर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 बीएन 209 बीएन की संयुक्त ऑपरेशन टीम गठित की गयी है।

उन्होंने बताया कि झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की 26 बीएन, 60 बीएन, 134 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 197 बीएन की एक टीम गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आलोक में छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली पहाड़ी क्षेत्र में दिनांक 04 मार्च 2025 से विशेष संयुक्त अभियान प्रारंभ किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान जराईकेला थाना अंतर्गत वनग्राम बाबूडेरा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए एक आईईडी को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ते की मदद से उसी स्थान पर बरामद कर नष्ट कर दिया गया। साथ ही सुरक्षा बलों द्वारा तीन नक्सली बंकर, डंप को भी ध्वस्त किया गया। उक्त नक्सली बंकर डंप से दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# झारखंड में बोर्ड, निगम और आयोग में फेरबदल को लेकर कांग्रेस में घमासान

■ जिन आयोग, बोर्ड और निगम के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का कार्यकाल पूरा नहीं हुआ है, उन्हें समय से पहले नहीं बदला जा सकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड में दूसरी बार हेमंत सरकार के गठन के बाद कांग्रेस के अंदर बोर्ड, निगम और आयोग में पद पाने की लड़ाई तेज हो गई है। कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अब प्रदेश प्रवक्ताओं ने भी बोर्ड, निगम और आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बदलने की मांग तेज कर दी है।

प्रदेश प्रवक्ता निरंजन पासवान और जगदीश साहू ने राज्य में बोर्ड, निगम और आयोगों में कांग्रेस कोटे से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सदस्यों को बदलने की मांग कर कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश प्रवक्ता निरंजन पासवान ने कहा कि जिस कांग्रेस नेता के परिवार के पास 12 वोट हैं और उसके बूथ पर पार्टी या सहयोगी दलों को दो वोट मिले हैं, उन नेताओं को गणेश परिक्रमा के कारण बोर्ड, निगम और आयोग में पद मिल जाता है, जबकि पार्टी के प्रति हमेशा समर्पित रहने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा कि एक चना बेचने वाला भी अपनी बिक्री और लाभ-हानि का हिसाब रखता है, लेकिन कांग्रेस ऐसे लोगों को पद और सम्मान देती है, जो लोग कांग्रेस में चाटुकारिता और गणेश परिक्रमा में लगे हैं, जिनकी कोई सामाजिक और जातिगत पहुंच नहीं है और समाज में कोई पकड़ नहीं है, ऐसे लोगों को कांग्रेस में पद दिया जाता है। निरंजन पासवान ने कहा कि कांग्रेस को लाभ पहुंचाने के लिए सारे काम होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि नयी सरकार बनी है तो नए लोगों को मौका मिलना चाहिए।

राज्य में कांग्रेस कोटे से अध्यक्ष-उपाध्यक्ष वाले आयोगों-बोर्डों-निगमों में फेरबदल को लेकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पिछले दिनों कहा था कि समय आने पर सारे बदलाव कर दिए जाएंगे। समय आने पर सही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन आयोगों, बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का कार्यकाल पूरा नहीं हुआ है, उन्हें समय से पहले नहीं बदला जा सकता है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



गोपाल मैदान में रविवार को आदिवासी सेमलेद 2025 में आयोजित कार्यक्रम में मांदर और नगाड़े की धून पर नृत्य करती युवतियां।

# लौहनगरी समेत पूरे कोल्हान प्रमंडल में धूमधाम से मनायी गयी रामनवमी







जम्बो अखाड़ा भालूबासा के मंदिर में रामनवमी के अवसर पर बजरंग बली एवं श्रीरामचंद्र प्रभु का पूजन के अवसर पर उमड़ी भीड़। विष्टुपुर स्थित श्रीराममंदिर में विशेष पूजा करते पुजारीगण।

## भये प्रगट कृपाला दीन दयाला...

जमशेदपुर। प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव रामनवमी श्रद्धा, उत्साह-उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान मंदिरों में जगह-जगह ध्वज पूजन किया गया और प्रभु श्री रामचंद्र जन्मोत्सव पर हवन-पूजन किया गया। सनातन धर्मावलंबियों ने अपने घरों में भी श्रीरामचंद्रजी का जन्मोत्सव के अवसर पर ध्वज पूजन, ध्वजारोहण किया गया। साथ ही श्रीरामचंद्र जी को खीर-पुड़ी का भोग लगाया गया। शहर के रामनवमी अखाड़ों में शाम को जुलूस निकाला गया और आरती कार्यक्रम किया गया। जुलूस के दौरान योद्धाओं ने तरह-तरह के युद्धकौशल दिखाये।

## श्रीराम मंदिर टेल्को में झंडा पूजन व रामजनमोत्सव की रही धूम

जमशेदपुर। राममन्दिर टेल्को के प्रांगण में रामनवमी महोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। रविवार को सुबह 11:00 बजे से बजरंगबली जी का ध्वजा पूजन सामूहिक रूप से हुआ, इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दोपहर 12:00 बजे से श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सामूहिक महाआरती में शामिल हुए उसके बाद सभी उपस्थित लोगों के बीच



प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पूरा राममंदिर परिसर श्रीराम के जयघोष से गूंज रहा था,वही संध्या 4:00 बजे से सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ जिसमें श्रीराम भक्त और श्रद्धालु उपस्थित हुए और हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या से चलकर आए संत श्रद्धेय राघव रामायणी जी के मुखारबिंद से चल रहे प्रवचन का विश्राम हुआ, आज के कथा के अंत में महाआरती हुई और उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण हुआ।

## स्पीड न्यूज

### पाकुड़ में रामनवमी जुलूस पर रोक हिंदू विरोधी मानसिकता : चंपाई सोरेन



जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि पाकुड़ में प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के रामनवमी जुलूस पर रोक लगाना राज्य सरकार की हिन्दू-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। हिन्दू/मूलवासी समाज वैसे भी शांतिप्रिय होता है, लेकिन अगर सरकार को लगता है कि वे रामनवमी शोभायात्रा को सुरक्षा तक नहीं दे सकते, तो फिर क्या कहें? चंपाई सोरेन ने यहां जारी अपने बयान में आगे कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि पाकुड़ में आदिवासी/ हिन्दू समाज अल्पसंख्यक हो चुका है, जबकि एक समुदाय विशेष की आबादी दो-तिहाई के करीब है। तो क्या सरकार यह बताना चाहती है कि जहाँ कहीं भी हिन्दू अल्पसंख्यक होंगे, वहाँ उनके धार्मिक/संवैधानिक अधिकारों को इसी प्रकार छीन लिया जायेगा? चपाई सोरेन ने सवाल किया कि क्या झारखंड में हिन्दू होना अपराध है? क्या राज्य सरकार किसी अन्य धर्म के पर्व-त्योहारों पर ऐसा ही तुगलकी फरमान जारी करने का साहस दिखा सकती है?

### चांडिल : सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल



चांडिल। रविवार को एनएच 32 बाईपास रावताड़ा के पास तेज रफ्तार दो बाईकों में टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सुचना मिलने पर चांडिल मुखिया प्रतिनिधि कुंज बिहारी गोप एवं उनके साथी शिवराज महतो ने एंबुलेंस की मदद से चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान सुकसारी निवासी 18 वर्षीय मुकेश कुमार महतो एवं 17 वर्षीय विधुत कुमार महतो चांडिल के लेंगडीह निवासी 17 वर्षीय शुभम शर्मा तथा फारेंगा निवासी 20 वर्षीय करण महतो के रूप में हुई है।

### चांडिल डैम के विस्थापितों की बैठक संपन्न

जमशेदपुर। डिमना बांध विस्थापितों का बैठक ग्राम प्रधान देवेन सिंह की अध्यक्षता में बोड़ाम प्रखंड के अंतर्गत लयलाम पंचायत के ग्राम पुनसा में संपन्न हुआ। इस बैठक में भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने कहा कि जिला प्रशासन और टाटा स्टील के निष्क्रियता के कारण डिमना बांध विस्थापितों का समस्या अब तक समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को तेज करने के लिए 9 अप्रैल को ग्राम पुनसा में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है।

### विधायक की पहल से दूर होगी दशकों पुरानी समस्या, पारंपरिक नृत्य कर ग्रामीणों ने संजीव सरदार का किया स्वागत

# आजादी के बाद ग्वालकाटा में बनेगा पुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/पोटका।** आजादी के बाद पहली बार पोटका प्रखंड के अति सुदूरवर्ती ग्वालकाटा पंचायत के शाहरजुड़ी गांव स्थित सुतामटांडी नदी घाट पर पुल का निर्माण होने जा रहा है। यह पुल पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 2 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। रविवार को इस बहुप्रतीक्षित पुल का विधिवत शिलान्यास विधायक संजीव सरदार ने सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में किया।

**पुल निर्माण से पोटका व डुमरिया प्रखंड में होगा सीधा संपर्क**

शिलान्यास समारोह में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि ग्वालकाटा पंचायत पोटका प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में से एक है, जो पहाड़ियों की तलहटी में बसा हुआ है।

आजादी के बाद से इस क्षेत्र के विकास की अनदेखी की गई थी, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार में पिछले पांच वर्षों में उन्होंने ग्वालकाटा पंचायत को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण से पहले क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त किया गया है और जहां आवश्यक था, वहां अन्य पुलों का भी निर्माण कराया गया है। सरदार ने कहा कि इस पुल के बन जाने से पोटका प्रखंड का सीधा संपर्क डुमरिया प्रखंड से हो जाएगा। इससे हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी, और ग्रामीण पंचायत एवं प्रखंड कार्यालय सहित अन्य आवश्यक स्थानों तक सुगमता से पहुंच पाएंगे।



विधायक संजीव सरदार को फूल मालाओं से लाद कर नृत्य करते हुए शिलान्यास स्थल पर ले जाते ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जताया आभार

इस पुल के निर्माण की घोषणा से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। आजादी के बाद पहली बार इस क्षेत्र में पुल का निर्माण होने से ग्रामीणों ने परंपरागत वाद्ययंत्रों-ढोल, नगाड़े और मांदर बजाकर और पारंपरिक नृत्य कर विधायक संजीव सरदार का स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया। विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के संपूर्ण विकास को प्राथमिकता देते हुए हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने जो भी वादा किया है उसे पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि इस पुल के बनने से दशकों पुरानी समस्या अब दूर होगी और पोटका प्रखंड का विकास हो सकेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामनी मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा, ग्राम प्रधान भद्र मोहन हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, सचिव भुवनेश्वर सरदार, हीतेश भकत, पिंटू भंज, पिनाकी नायक, जुरा हेंब्रम, शुरू सरदार, रविता माडीं, उदय सामद, उदय हेंब्रम, निमाई हेंब्रम, जगन्नाथ सोरेन, सुनाराम हांसदा, विनोद सरदार, जुगाई सोरेन, गार्दी सामद और दामो माडीं सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**साकची जिला भाजपा कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने रविवार को अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। जमशेदपुर महानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर एवं विविध कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और जनसेवा का संकल्प लिया। वहीं, साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने पार्टी के ध्वज का सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए जमशेदपुर महानगर में पार्टी को सींचने वाले सभी नेताओं के परिश्रम और समर्पण भावना के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं ने अथक संघर्ष किया है। जिसके परिणामस्वरूप आज भारतीय जनता पार्टी की पहचान देश ही नही बल्कि वैश्विक मंच पर भी बनी है। कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण को हमेशा अपने विचारों और कार्यशैली में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

## जादूगोड़ा में आदिवासी युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या

### पुलिस आरोपियों की खोज में जुटी

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में सविता सरदार की यौन शोषण के बाद हत्या की सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। इधर जादूगोड़ा पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है। थाना के एएस आई आनंद मरांडी ने आज रविवार की सुबह घटना स्थल का निरीक्षण किया व घटना स्थल की बैरिकेटिंग कर आरोपियों की टोह में जुट गई है। मृतका सविता सरदार कोवाली थाना क्षेत्र के चाकड़ी की रहने वाली हैं। वह मुर्गाघुटु में ललन सिंह की ईंटा भट्ठा में काम करती थी। इस बाबत ईंटा भट्ठा मालिक ललन सिंह ने कहा कि घटना के दिन वह काम पर नहीं आई थी। सप्ताह में कई बार ड्यूटी में गैर हाजिर रहती । उन्होंने आगे कहा कि बीते 30 सालों में इस क्षेत्र में कोई घटना नहीं है। घटना कैसे हुई उन्हें जानकारी में नहीं हैं ।इस सिलसिले प्रशासन को पूरा सहयोग करने की बात कही ताकि दोषियों को सजा मिल सके। इस बाबत जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने कहा कि मृतिका के भाई के बयान पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ यौन शोषण व हत्या का प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कारवाई में जुटी है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।



घटनास्थल की जांच करते एएसआई आनंद मरांडी।

## कान्हु मुर्मू को ओल चिकी आंदोलन में योगदान हेतु किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका।** ओल चिकी शताब्दी वर्ष 2025 के अवसर पर पोटका प्रखंड के चेमाइजुरी गांव में आयोजित भव्य समारोह में केरू आडूंगरी पंचायत के मुखिया कान्हु मुर्मू को ओल चिकी लिपि के लिए आंदोलन में विशेष योगदान और प्रचार-प्रसार में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के कर-कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर अल इंडिया राइटर एसोसिएशन, ओल चिकी हूल बैसी, झारखंड माझी परगना महल सहित कई संगठनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 4 जुलाई 2023 के ओल चिकी आंदोलन में विशेष योगदान और केस दर्ज होने के बावजूद अपने संघर्ष को जारी रखने वाले योद्धाओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुखिया कान्हु मुर्मू, माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, विश्वनाथ मार्डी, लखन हेंब्रम, गुंजाए सोरेन सहित कई अन्य जुझारू साथियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

## आलम वेलफेयर फाउंडेशन के शिविर में 54 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** आलम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 7वां रक्तदान शिविर का सफल आयोजन ब्रह्मानंद ब्लड बैंक के सहयोग से सिटी मेड क्लीनिक मानगो जाकिरनगर में किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुस्कान बॉयज क्लब, अल जबर इंस्टिट्यूट अफ पैरामेडिकल साइंस और सिविल डिफेंस जमशेदपुर ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर में फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद तारिक आलम, महासचिव सऊद आलम, काशिफ रजा खघन, आदिल मलिक, सरफराज अहमद, जमाल हसन आदि मौजूद रहे।

## सुरभि शाखा ने 101 कन्याओं के बीच किया प्रसाद वितरण



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा महानवमी के अवसर पर रविवार को साकची मेन रोड़ स्थित श्री मनोकामना मंदिर में माता की पूजा अर्चना करने के बाद 101 कन्याओं के बीच हलवा पुड़ी एवं चना का प्रसाद वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, पायल अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, निशा सिंघल, खुशबू कांवटिया, रेखा अग्रवाल श्रुति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, डॉ रुचिता अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

## एक नजर में

### माता सिद्धिदात्री का पूजन, कन्या पूजन व महावीरी ध्वज स्थापित, सैकड़ों ने ग्रहण किया भोग



जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में रविवार को परंपरागत उल्लास और भक्तिभाव से माता सिद्धिदात्री की पूजा की और प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव श्रीरामनवमी मनायी। विगत कई दिनों से चल रहे गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस के नवाहपरायण पाठ की भी आज पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल महावीरी पताका भी लगाया गया। मां काली के समक्ष कुष्मांड (भतुआ) की बलि दी गई। राय ने समस्त मानव के कल्याण की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में कन्या पूजन किया और सभी कन्याओं को अपने हाथों से भोजन परोसा। बाद में उन्होंने कन्याओं को उपहार भी दिये। प्रख्यात पुजारी विनोद पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की सुबह श्री गौरी-गणेश समेत देवी सिद्धिदात्री का पूजन कराया गया। यह नियमित पूजन था। इस पूजन के बाद आरती की गई। आरती के पश्चात हनुमान जी का झंडा पूजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। पूजन के बाद फिर से हवन किया गया। हवन संपन्न होने के बाद मां काली की प्रतिमा के समक्ष कुष्मांड (भतुआ) बलि दी गई। इस बलि के उपरांत श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में महीवीरी झंडा गाड़ा गया। फिर पूर्णाहुति कर आरती, पुष्पांजलि और भोग वितरण हुआ। भोग वितरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उपस्थित लोगों में आशुतोष राय, शिवशंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अमृता मिश्रा, इंद्रजीत सिंह, चंद्रशेखर राव, विवेक पांडेय, धर्मेंद्र प्रसाद, दीपू सिंह, राजन सिंह राजपूत, साकेत गौतम, हरेराम सिंह, निखार सबलोक, अशोक कुमार, असीम पाठक, श्याम सिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा, अर्जुन यादव, विजय सिंह, अभय सिंह, प्रकाश कोया, विनीत आदि शामिल थे।

### एडीसी, सीनियर एसपी ने किया फ्लैग मार्च



जमशेदपुर। रामनवमी पर्व के अवसर पर 7 अप्रैल को निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के साथ के मानगो, आजादनगर एवं शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

### पतंजलि योग परिवार ने धूमधाम से मनाया रामनवमी का त्यौहार



जमशेदपुर। पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में श्री रामनवमी के पावन पर्व एवं योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के सन्यास दीक्षा दिवस के शुभ अवसर पर स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारवान, आध्यात्मिक भारत के निर्माण हेतु इंटीग्रेटेड योग, यज्ञ एवं गुरु दक्षिणा समर्पण कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण पृथ्वी पार्क मानगो के योग स्थल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं नेतृत्व पतंजलि झारखंड राज्य कार्यकारिणी सदस्य तथा भारत स्वाभिमान न्यास पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी अजय कुमार झा ने किया। इस अवसर पर पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में ष्ण कुमार, रवि नंदन कुमार, नरेंद्र कुमार, बिहारी लाल, गुलाब सिंह, लालू प्रसाद, इंद्रपाल वर्मा, शिवप्रसाद सिंह, उमापति लाल दास, जवाहरलाल, अशोक शर्मा, आशुतोष कुमार झा, विपिन कुमार, आरती सिन्हा, बबीता देवी, केदारनाथ प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मध्य एक विशेष बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम अति दिव्यता एवं भव्यता के साथ मनाया जाए इससे पहले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं राज्य स्तरीय कार्यकर्ता महासम्मेलन का आयोजन शीघ्र अति शीघ्र किया जाएगा । कार्यक्रम के सफल आयोजन में विपिन कुमार, आरती सिन्हा, बबीता श्रीवास्तव, प्रकाश नारायण, अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार, देव शंकर एवं सुमन सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### शास्त्रीनगर त्रिशूलधारी शिव हनुमान मंदिर में झंडा पूजन संपन्न



जमशेदपुर। रामनवमी के शुभ अवसर पर शास्त्री नगर तीन नंबर फर्स्ट लाइन मरीन ड्राइव स्ट्रीट लाइट के समीप त्रिशूल धारी शिव हनुमान मंदिर कमेटी के तरफ से हर साल की भांति इस साल भी झंडा पूजन बड़े ही धूमधाम से अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तिवारी के अध्यक्षता में किया गया। कमेटी के संस्थापक केशव तिवारी ने समस्त देशवासियों को राम जन्म उत्सव की शुभकामना दी। सर्वप्रथम शिवजी का झंडा पूजन किया गया। उसके बाद हनुमान जी का ध्वज पूजन के बाद आरती करके पूजा का समापन किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कमेटी के सम्मानित सदस्य गण से भुवनेश्वर सिंह, शशि आचार्य, प्रमिला तिवारी, विद्या तिवारी, डॉ मिथिलेश चौबे, दिलीप साहू, धर्मेंद्र तिवारी, इसंजीव झा, राजा गुप्ता, रविंद् श्रीवास्तव, चुन्नू गुप्ता, रविंद्र ओझा, दीपक सोनी, शशि जायसवाल, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### एमएस आइटीआई में ईद मिलन संपन्न



जमशेदपुर। एमएस आइटीआई जवाहर नगर मानगो के प्रांगण में झारखंड ह्यमैनिटी फाउंडेशन के साथ मिलकर ईद मिलन का सफल आयोजन किया गया। इसमें हर समाज के लोगों ने भाग लिया। खासकर कोल्हान के पैडमैन तरुण कुमार, भोमा पाजी, सुमन मंडल, सुरेंद्र सिंह, मदन नाग, उत्तम चक्रवर्ती, पांडे सर प्रशांत पल, जसवंत सिंह, अंकित राणा, रविंद्र, समीर कमानी, सुरेश,गणेश,गौतम घोष, सुनील बरनवाल बुद्ध समाज से सिख समाज हिंदू धर्म क्रिश्चियन बुद्धिस्ट समाज जैन पारसी आदिवासी सनातन तमाम समाज के लोग इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने में मदद किया। इस अवसर पर बताया गया कि रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है बल्कि हवस,दौलत, रुतबा और अकड़ से बचने का नाम भी रोजा है। एक महीने रोज के बाद हम ईद की खुशी आपस में मिल बैठकर मानते हैं। सद्भावना आपसी मेलजोल और गंगा जमुना तहजीब ही हमें हिंदुस्तान को आगे ले जाने का काम करती है।

# स्वस्थ शुरुआत और आशाजनक भविष्य के लिए मातृ स्वास्थ्य

**डा अलोकानंदा रे**



डा आलोका नंदा रे।

**जमशेदपुर।** इस वर्ष का विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य, एक मजबूत संकल्प के साथ सामने आया है। मातृ और नवजात स्वास्थ्य को इस स्तर तक पहुंचाना जहां कोई भी बीमारी या मृत्यु, जिसे रोका जा सकता है, वह न हो। यह न सिर्फ एक संदेश है, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है कि सभी स्वास्थ्य संस्थाएं, सरकारें और समाज मिलकर एक ऐसी व्यवस्था तैयार करें, जहां माताओं और नवजातों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। इस अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना है कि न केवल सेवाओं की गुणवत्ता बढ़े, बल्कि उनका बुनियादी ढांचा मजबूत हो और सबसे अहम हर वर्ग, हर क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों तक ये सेवाएं समान रूप से पहुंचें। तभी हम वास्तव में एक स्वस्थ और आशावादी भविष्य की ओर बढ़ सकेंगे। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इन पहलों की बदौलत भारत की मातृ मृत्यु दर में निरंतर गिरावट आई है, जो अब 1,00,000 जीवित जन्मों पर 97 तक पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि देश के कुछ राज्य पहले ही 70 से कम मातृ मृत्यु दर हासिल कर चुके हैंजो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2030 तक निर्धारित सतत विकास लक्ष्य का मानक है। हालांकि, इस सफर को और सशक्त बनाने के लिए हमें गर्भावस्था से पहले की तैयारी को प्राथमिकता देनी होगी। सफल और सुरक्षित प्रसव की कुंजी है गर्भ से पूर्व परामर्श और देखभाल। इसका मतलब है कि गर्भावस्था योजनाबद्ध होनी चाहिएजहां महिला के संपूर्ण स्वास्थ्य का मूल्यांकन पहले ही कर लिया जाए और कुपोषण, एनीमिया जैसी पहले से मौजूद बीमारियों का प्रभावी इलाज गर्भधारण से पहले सुनिश्चित किया जाए। यही सोच हमें सुरक्षित मातृत्व और एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में ले जाएगी। गर्भवती महिला का आहार संतुलित होना चाहिए, जिसमें पर्याप्त कैलोरी के साथ उचित मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वजैसे विटामिन और ट्रेस एलिमेंट्सशामिल हों। साथ ही, नियमित व्यायाम और मादक पदार्थों से दूरी बनाना भी उतना ही जरूरी है। हर गर्भावस्था की सफल और सुरक्षित देखभाल में पोषण सप्लीमेंटेशन और टीकाकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी तरह, टिटनेस, डिप्थीरिया, फ्लू और काली खांसी (व्हूपिंग कफ) जैसे संक्रमणों के खिलाफ समय पर दिया गया टीकाकरण मां और नवजात दोनों को सुरक्षा प्रदान करता है। ये टीके गर्भावस्था के दौरान संक्रमण के खतरे को कम करते हैं और शिशु को जन्म के बाद शुरुआती महीनों में गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। **(नोटः लेखिका टाटा मेन हॉस्पिटल,जमशेदपुर में वरिष्ठ चिकित्सक हैं)।**

## स्पीड न्यूज

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में भव्य भंडारा



**हुसैनाबाद पलामू।** रामनवमी को लेकर हुसैनाबाद के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। महावीर जी भवन, देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर, बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर, आशुतोष धाम, ठाकुर बाड़ी, चारधाम, जमुहारी माई, पंच मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, बराही धाम, महाकालेश्वर धाम समेत क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा पाठ का दौर शुरू हो गया। लोग मंदिर पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजा पाठ कर सुख शांति व मनवांछित फल प्राप्ति की कामना किया। इस अवसर पर पुरानी बाजार कुर्मी टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भव्य भंडारा किया गया। इसमें सुबोध साहू, अजित अग्रवाल, अर्जुन पटेल, अक्षय सिंह, विपिन पटेल, बुलबुल चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, पवन चौधरी, अमेन्द्र चौधरी, बीरेंद्र पटेल, पुजारी पवन पाठक थे।

### जय श्रीराम की जयघोष से गूंजा क्षेत्र



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया इसे लेकर नवयुवक दल जेनरल ने चैनपुर एवं शाहपुर में विभिन्न पूजा कमेटियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। शाहपुर में नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्य अ मनोज सिंह, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पूर्व नगर-निगम उपाध्यक्ष मनोज सिंह भी शामिल थे। नवयुवक दल जेनरल द्वारा पनेरीबांध, धामाटाड़, झरीवा, अलगडीहा, बंदुआ, सेमरटांड, कल्याणपुर, आदि पूजा कमिटियों के अध्यक्षों को तलवार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शाहपुर जेनरल संरक्षक धर्मेंद्र जायसवाल, भोला पांडेय, शेखर सिंह, अमित सोनी, आनंद प्रसाद, अमन कश्यप, अविनाश कुमार, कमलेश कुमार, लल्लू कुमार थे।

### आपसी भाईचारा को चाहकर भी तोड़ा नहीं जा सकता है: जिशान खान



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पूजा पर मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल जिशान खान व सदर मुस्तफा खान द्वारा श्रीमहावीर नवयुवक दल जेनरल का भव्य स्वागत शहर थाना परिसर में किया गया। जिन्हें पगड़ी, शिल्ड, माला पहनाकर क्रमशः सभी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीना, सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार व अन्य को सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि पलामू में आपसी भाईचारा वर्षों से कायम है। इसे और कायम रखने की जरूरत है। मौके पर महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष युगल किशोर, गणेश गिरी, विजय ओझा, विश्वनाथ राम घुरा, रामनाथ चंद्रवंशी, जेनरल जिशान खां, अजहर पप्पू, मो कलाम, हाजी ललन, सन्नु सिद्दिकी, इकबाल कुरैशी थे।

### घर में घुस दंपति को मारी गोली




**पड़वा पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी गांव में अपराधियों ने घर में घुसकर कर दंपति को गोली मार दी। घटना में पत्नी बबीता देवी की मौत इलाज के क्रम में हो गया। जबकि पति रामा सिंह का इलाज चल रहा है। घटना शनिवार की रात आठ बजे की है। रामा सिंह और उनकी पत्नी बबीता देवी अपने घर में बैठ कर खाना खा रहे थे। इसी बीच दो व्यक्ति घर में घुस कर दोनों के ऊपर गोली चला दी। रामा सिंह गोली लगने पर शोर मचाया। जिसके बाद ग्रामीण पहुंचे और भाग रहे अपराधियों का पीछा किया। इस क्रम में गोली मारने वाला अपराधी गांव के टेकारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी रौशन पासवान को धर दबोचा।

**घायल बबीता की मौत :** घटना के बाद घायल दंपति को परिजन व ग्रामीण इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच ले गये। इलाज के क्रम में बबीता की मौत हो गयी। रामा सिंह के दाहिने बांह के करीब फंसे गोली को निकाला।

### रेहला में निकला राम नवमी का भव्य जुलूस, राम रथ रहा आकर्षण का केंद्र





**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला व आसपास के दर्जनों गांव में रविवार को रामनवमी का भव्य जुलूस निकला। जुलूस में राम भक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जय श्री राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। जुलूस रेहला महावीर चौक से शुरू हुआ.जुलूस ओवर ब्रिज होते हुए थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक,बाबा योगिबिर देवस्थल, बी मोड़, डंडिला खुर्द, ग्रासिम इंडस्ट्रीज मेन गेट होते हुए रेहला शुरू बाजार पहुंचा। जहां जय श्रीराम के नारों के बीच जुलूस संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, ग्रासिम इंड्रस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता, सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विजय चौबे भी थे।

### नये प्रभारी राकेश सिंह से अपराधमुक्त क्षेत्र की उम्मीद : दीपक तिवारी



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के उड़ान एजुकेशन स्क्वायड के आवासीय कार्यालय में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले के मेदिनीनगर के टीओपी -2 के प्रभारी अनिल सिंह एवं सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को उनके स्थानांतरण पर विदाई दी गई। वहीं टीओपी-2 के नये पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह का स्वागत किया गया। सभी को बुनरी ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

# राम की भक्ति में डूबा पलामू, गाजे-बाजे रथ के साथ झूमे रामभक्त

- जिले के कोने-कोने में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी रामनवमी

**खबर मन्त्र टोली**









**मेदिनीनगर।** चैत शुक्ल नवमी को भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव पर पलामू जिला ही नहीं पूरे देश में रामनवमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके तहत पलामू जिला के सभी प्रखंड, पंचायत एवं गांव के कोने कोने में रामनवमी धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर जिला मुख्यालय समेत प्रखंड स्तरों पर महावीरी झंडा एवं विभिन्न प्रकार आकर्षक रथ व झांकी के साथ भव्यता के साथ शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में झारखंड समेत दूसरे प्रदेशों से आकर्षक वाद्य यंत्र एवं ज्वलंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। सुंदर व आकर्षित रथ व झांकी निकाली गयी। जिसमें शहरवासी एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े। वहीं दूसरी ओर रामभक्तों के सेवार्थ में कई सामाजिक संगठनों ने हाथ बढ़ाया। चारों तरफ राममय से माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर विश्व संघ जिला स्कूल चौक, नवयुवक संघ बेलवाटिका, न्यू यंग क्लब, रामसेना संघ कचरवा श्रीरामनगर, आजादनगर साव मुहल्ला एसपी कोठी रोड आबादगंज,किशोर समाज, महावीर युवा मंडल , भारत सेवक संघ, सुरभी क्लब हमीदगंज, उपकार संघ, महामृत्युंजय संघ समेत विभिन्न पूजा कमिटियों ने एक से बढ़कर एक रथ व झांकी प्रस्तुत किये। मौके पर जुलूस को सही रूप से संचालित करने के लिए महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष युगल किशोर, गणेश गिरी, विजय ओझा, सुरेश कुमार टाम, मनोहर लाली, मुकेश अग्रवाल, अशोक गिरी, राजू चंद्रवंशी, प्रभात अग्रवाल समेत अन्य ने पल पल नियंत्रण रख रहे थे।

**शांतिपूर्ण रामनवमी के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन रहा सतर्क**

रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा काफी सतर्कता बरती गई थी। यहां तक कि पूरे जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ड्रोन कैमरा से निगरानी की गई। नियंत्रण रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। जिसको पल पल की जानकारी डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेसन लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

**रामनवमी शोभा यात्रा में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाया**

रामनवमी पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा में विभिन्न पूजा कमेटियों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक रथ एवं महावीरी झंडा के साथ भव्य झांकी निकाली। इसके तहत पूजा कमेटियों ने झारखंड के अलावे दूसरे राज्यों से भी कलाकारों को बुलाकर शहर को भक्ति गानों से सराबोर किया। वहीं दूसरी ओर झांकी एवं रथ को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय युवा कलाकारों का एक से बढ़कर एक लाठी डंडे व तलवार के करतब दिखाये गये जो आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं दूसरी ओर बाल कलाकारों द्वारा भी लाठी ठंडा व तलवारबाजी करतब दिखाया गया।

### झलखंडी देवी मंदिर परिसर में मेला और झांकी का प्रदर्शन

# पूर्णिमा तिथि तक चलेगा मेला

- नवमी के दिन झारखंड बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से पूजा करने श्रद्धालु पहुंचे
- प्रशासन द्वारा चिकित्सा साधन एवं सुरक्षा हेतु आरक्षी बल तैनात किया गया
- स्वयंसेवी संस्था व मेला आयोजन समिति ने की थी लंगर पानी की व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी के मझौली पंचायत अंतर्गत मझगामा गांव में अमानत नदी किनारे स्थित पौराणिक झलखंडी देवी मंदिर में नवमी तिथि को दिन भर श्रद्धालु पूजा अर्चना करते रहे एक अनुमान के मुताबिक झारखंड बिहार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु पूजा दर्शन करने के लिए झारखंडी देवी मंदिर पहुंचे। नारियल, बताशा, फल फूल से माता को भोग लगाया गया श्रद्धालुओं ने चुनरी और झंडा भी माता को भेंट किया। और अपनी इच्छित मनोकामना की पूर्ति के लिए मन्नत मांगी, कई लोगों ने इच्छित कामना पूर्ण होने के लिए पूजा अर्चना किया, मंदिर परिसर में मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के दुकान जैसे पूजा सामग्री, खाद्य सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, सर्कस, झूला आदि विभिन्न प्रकार के दुकान लगाए गए प्रशासन की ओर से चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा सुविधा हेतु महिला एवं पुरुष आरक्षी बल की तैनाती की गई। जबकि विभिन्न स्वयंसेवी संस्था एवं मेला आयोजन समिति की ओर से बिजली, पानी, लंगर आदि की व्यवस्था की गई। जबकि विश्राम करने हेतु पंडाल लगाया गया। झलखंडी देवी आदिकाल से ही यहां प्रकट हुई है लोगों का आस्था इस मंदिर से है। वैसे तो वर्ष भर यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है।





रामनवमी के मौके पर निकाली गयी झांकियां।

# भाजपा के नीति सिद्धांतों पर कार्य करें कार्यकर्ता: डॉ शशिभूषण मेहता

- पांकी विधायक ने मौर्या फार्म हाउस में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा लहराते पांकी विधायक व अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने ध्वजारोहण कर संगठन के प्रति निष्ठा और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि इस गौरवपूर्ण अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करायी जो पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा व समर्पण को दर्शाता है। मौके पर विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने संगठन के मूल मंत्र सेवा ही संगठन को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम करती है। कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना अपने आप में गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक जन-आंदोलन बनकर उभरी है। आइए, हम सभी मिलकर इसके विचार और मूल्यों को गांव-गांव तक पहुंचायें। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, राजकमल वर्मा, ललित मेहता, बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, कमेश यादव, वीरेन्द्र मेहता, सुधीर तिवारी, दिलीप मेहता समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में लगाया गया प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- शिविर में हुआ 50 रोगियों का निःशुल्क इलाज किया



**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह (अघोर आश्रम) के सुदना स्थित आश्रम में रविवार को मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धनबाद के नस रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार डग्गा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से 50 से अधिक रोगियों का निःशुल्क इलाज किया। शिविर की शुरुआत डॉ डग्गा ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर की। शविर को लेकर सुबह से ही रोगियों की भीड़ लगने लगी थी। शिविर सुबह दस बजे से शाम तक शिविर में लोगों का इलाज चलता रहा। डॉ डग्गा ने बताया कि इस पद्धति से बिना कोई दवा के हजारों लोग ठीक हो चुके हैं। इस पद्धति में परहेज की आवश्यकता है परहेज करने वाले रोगी जल्द ही स्वस्थ होते हैं।

## देर रात्रि में अनुमंडल प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च, जुलूस के रास्ते को लोकेट किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- हुसैनाबाद में सभी जगहों पर दंडाधिकारी नियुक्त,सीसीटीवी व ड्रोन के निगरानी में रहेगा जुलूस
- हर गतिविधि पर है पैनी नजर, शांतिपूर्ण निकलेगा जुलूस : एसडीएम



**हुसैनाबाद पलामू।** रामजन्म उत्सव पूजा व रामनवमी उत्सव की जुलूस मोहम्मदगंज व दंगवार में 7 अप्रैल सोमवार को हुसैनाबाद तथा 8 अप्रैल को हैदरनगर में निकाली जायेगी। उससे पूर्व जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीओ व एसडीपीओ ने पूरे अनुमंडल क्षेत्र में लगातार फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण रूप से त्योहार उत्सव मनाने की अपील की। शनिवार को देर रात्रि में एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ आइपीएस एस मोहम्मद याकूब सीओ पंकज कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, महिला थाना प्रभारी पुअनि पार्वती कुमारी देवरी ओपी प्रभारी पुअनि बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी पुअनि, सोनू गुप्ता आदि ने दल बल के साथ हुसैनाबाद शहर के मधुशाला रोड में हकीकत जानी।

## रेहला में भोजपुरी दोगोला का महामुकाबला आज



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के योगीवीर सिद्धपीठ देवस्थल प्रांगण में सोमवार को भोजपुरी दोगला का महामुकाबला होगा। इसकी जानकारी आयोजन समित के वरिष्ठ सदस्य डॉ वी पी शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि ग्वालव के प्रसिद्ध ब्यास रजनीकांत पासवान व हेदार के नामी ब्यास ललित कुमार पांडेय के बीच शानदार भोजपुरी दोगोला मुकाबला होगा। श्री शुक्ला ने आम लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## रामभक्तों के सेवार्थ लोगों ने खुलकर की सेवा



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर नवमी तिथि के दिन शहर के विभिन्न पूजा कमेटियों ने रथ एवं महावीरी झंडा व गाजे बाजे के साथ भव्य तरीके से जुलूस निकाली। जिसमें महिला, पुरुष, बुजुर्ग व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जुलूस में अत्यधिक भीड़ को देख प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। वहीं जुलूस में शामिल रामभक्तों के सेवार्थ भीषण गर्मी व कड़ी धूप के मद्देनजर विभिन्न कमिटियों द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर स्टॉल लगाकर भंडारा, शीतल पेयजल व अन्य स्टॉल लगाकर दिल खोलकर सेवा किया। इसमें बाजार व्यवसायी एकता मंच, योग युवा जेपीएस, हिंदू युवा नवजागृति संघ, अग्रवाल क्लब, माता हीरामणि सेवा समिति, नारनौलिया अग्रवाल महिला संगठन, जयलक्ष्मी संघ, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा, बागेश्वर बाला जी परिवार, पतंजली योग सेवा समिति, अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा, अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन, माता स्व देवंती देवी पिता स्व गोपाल प्रसाद अग्रवाल सेवा समिति, मिशन समृद्धि सहित कई संगठनों ने जगह जगह पर स्टॉल लगाकर पुड़ी, सब्जी, खीर, शर्बत, हलुआ, लस्सी, ठंडा पानी वितरण किया।

## साहसी और सामंती दमन के विद्रोही व्यक्ति थे बीर बाबा चौहरमल: विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- गम्हरिया में वीर बाबा चौहरमल की जयंती पर दुमौला सांस्कृतिक कार्यक्रम
- विधायक व एसडीएम सहित कई लोगों ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के वार्ड नम्बर चार गम्हरिया में बीते दिनों बाबा वीर चौहरमल की 712वीं जयंती महोत्सव के रूप में मनाया गया। दिन में पूजा पाठ कर रात्रि संध्या में दुगोला भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम की आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, गढ़वा जिला से आये झामुमो के वरिष्ठ नेता जवाहर पासवान पूर्व नगर अध्यक्ष शशि पासवान, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, जाकिर अली उर्फ राज अली, विनय पासवान, रंजीत पासवान आदि कई गणमान्य जनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## संभाजी महाराज तथा रामलला की झांकी की हुई सराहना

**हरिहरगंज पलामू।** रामनवमी पूजा शोभा यात्रा में शामिल दस झांकियां काफी दर्शनीय रही। परंतु न्यू प्रोजेक्ट बाल मंडली समिति अररुआ शिव मंदिर की संभाजी महाराज का शेर से लड़ते हुए तथा इंद्र बाल समिति की रामलला विराजमान की झांकी लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। इसके अलावा रामनवमी पूजा समिति की राम दरबार, बालकिशोर समिति झंडा चौक की बजरंगबली, शेषशैया पर श्रीविष्णु सहित अन्य समितियों की झांकी प्रशंसनीय रही।

## सतबरवा में महाबीरी झंडा के साथ निकला रामनवमी का भव्य जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- जुलूस में जय श्रीराम, जय बजरंगबली के नारों के साथ पूरा क्षेत्र गूंजता रहा



**सतबरवा।** प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में महाबीरी झंडा के साथ रविवार को रामनवमी के सुबह का जुलूस निकाला गया इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए। सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सतबरवा का रूट डायवर्ट किया गया है। जाम से बचने के लिए ठेमी मोड़ से नया नेशनल हाईवे पकड़कर वाहन बस्ती के बगल से पेट्रोल पंप के पास निकालने की व्यवस्था की गई है। सतबरवा प्रखंड और सदर थाना क्षेत्र में 11 थाना लेस्लीगंज थाना क्षेत्र सह सतबरवा प्रखंड में पड़ने वाले पांच जगह पर महिला और पुरुष पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट लगाया गया है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि अपराह्न बाद प्रखंड एवं थाना क्षेत्र के कई गांवों से महाबीरी झंडा तथा प्रतिमा के साथ जुलूस मेलाटांड सतबरवा आयेगा।

## श्रीराम के जयघोष के साथ निकला रामनवमी जुलूस



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को रामनवमी पूजा परम्परागत तरीके से संपन्न हो गया। मुख्य शोभायात्रा रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर से निकाली गयी। इसमें करीब दो दर्जन अखाड़ा के बड़े महावीरी झंडा तथा सैकड़ों छोटे झंडा, बाजे गाजे, ढोल ताशा, घोड़े, छोटे बड़े वाहन के साथ हजारों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने की जय श्री राम के जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र राममय बन गया। वहीं जुलूस में शामिल झाकियां आकर्षण का केंद्र रही।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर हम सभी को चलना चाहिए : आलोक चौरसिया

- श्रीराम सेना का रामनवमी पर सुआ में सम्मान समारोह सह भव्य भंडारा आयोजित
- बेहतर प्रदर्शन करने वाले पूजा कमेटियों शील्ड और अंगवस्त्र देकर सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर सदर प्रखंड के श्रीराम सेना के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा व पूरी कमिटी के लोगों द्वारा सुआ स्कूल परिसर में सम्मान समारोह सह भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुआ, कौड़िया, चियांकी पंचायत के महिला, पुरुष बच्चे रामनवमी का शोभा यात्रा व अखाड़ा देखने के लिए पहुंचे थे। जो सभी लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सम्मान समारोह में बेहतर प्रदर्शन एवं आकर्षक शोभा यात्रा निकालने वाले विभिन्न पूजा कमिटियों को मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा शिल्ड, अंगवस्त्र व तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। इसमें यंग जागृति संघ को प्रथम, सुआ टोला कमिटी को द्वितीय व चियांकी पहाड़ी राजबाबा कमिटी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि हिंदुओं का यह रामनवमी पर्व महान पर्व है, जिसमें पूरे देशवासी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्ति में लीन रहते हैं। वहीं रामनवमी के साथ चैती नवरात्र में भी श्रद्धालु लीन रहते हैं। आज वर्तमान समय में हमसभी सनातनियों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों का पालन करते हुए उनके पदचिंहों पर चलने की जरूरत है। मौके पर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य बासो देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी, जेनरल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, सर्किल इंस्पेक्टर सह मेयर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक टाईगर कुमार आदि मौजूद थे।

# सदर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी को लेकर निकाला गया भव्य जुलूस

- एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम से गूंजा क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जुलूस के दौरान सदर थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में रामनवमी पर्व को लेकर पूजा कमिटियों ने भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में श्रद्धालु गाजे बाजे, झांकी व महावीरी झंडे के साथ चल रहे थे। जुलूस तेलियाबांध से निकलकर तीनकोनिया, कौड़िया, सुआ, चियांकी पहाड़, चियांकी भीमगाड़ा होते सुआ स्कूल के पास जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में जय श्रीराम, जय हनुमान, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। जुलूस में काफी संख्या में लोगो शामिल हुए। इधर, रामनवमी पर्व को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई आनंद कुमार सिंह, एएसआई भरत भूषण सामड़, एएसआई सुजीत पांडेय समेत काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। विभिन्न पूजा कमिटियों द्वारा बनाये गये रथ व झांकी को देखने के लिए आसपास के लोग जमा हुए। मौके पर समाजसेवियों व पुलिस पदाधिकारियों को पूजा कमिटी द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया।

# मझिआंव व बरडीहा में झांकी के साथ निकला रामनवमी जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में नौ दिनों तक चलने वाले रामनवमी का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान लोगों ने नौ दिनों तक उपवास एवं व्रत रखकर माता दुर्गा की पूजा एवं उपासना की और नवमी तिथि को हवन के साथ ही इसका समापन हो गया।

इधर मझिआंव राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाल ब्रह्मचारी साधु बाबा के केशव नारायण दास के नेतृत्व में भगवान श्री राम के रथ की झांकी (भगवान श्री राम, जानकी, लखनलाल एवं हनुमान जी) एवं महावीर झंडा के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल श्रद्धालु जय श्री राम, जय जय श्री राम एवं जय हनुमान तथा जय माता दी के नारों से पूरा मझिआंव का वातावरण गुंजायमान हो उठा। जुलूस राधा कृष्ण मंदिर से निकलकर बाजार पथ होते पुराने अस्पताल तक गया। इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर के जुलूस में रघुवीर अखाड़ा लोहरपुरवा, श्री राम जानकी अखाड़ा बाजार समिति, नवयुवक संघ ऊंचरी, रपुरा, सकरकोनी, अखौरी तहले एवं आमर एवं बकोइया का जुलूस भी शामिल हो गया। इसके बाद जुलूस बाईपास रोड होते लोहरपुरवा, चन्द्री शिव मंदिर होते पुनः मझिआंव बाजार में आया। जहां पर जुलूस में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कलाकारों द्वारा लाठी तलवार एवं गदा के करतब दिखाए गए। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के निर्देश पर बाजार के प्रत्येक मोड़ एवं चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद देखे गए। मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार सहित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सम्मान समारोह व सरबत पानी की व्यवस्था :** मुख्य बाजार में गायत्री परिवार के महाप्रसाद (खीर) जुलूस के दौरान लोहरपुरवा में श्री रघुबीर अखाड़ा, बाजार में न्यू राज घराना द्वारा खीर प्रसाद एवं युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी द्वारा मिठाई, पानी के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा के सदस्यों, कलाकारों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। वहीं इस भव्य जुलूस में क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह भी शामिल हुए और लोगों को संबोधित करते हुए नवरात्रि पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

वहीं रामनवमी जुलूस को लेकर अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, दंडाधिकारी अजीत सिंह, चिन्मय दुबे, राजेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार चौधरी,एस आई चंदन प्रधान, नसीम अंसारी, चंदन प्रधान, एएसआई आलोक कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं भिखही निवासी विक्की कुमार के द्वारा सर से, केहुनी से दर्जनों नारियल तोड़ा गया और विधायक नरेश प्रसाद सिंह एवं मारुति नंदन सोनी द्वारा अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। समाचार लिखे जाने तक जुलूस संपन्न नहीं हुआ था।

इधर बरडीहा प्रखंड मुख्यालय में तीन स्थानों पर रामनवमी का जुलूस निकाला गया। इस संबंध में बरडीहा के थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि शाम से पहले ही जुलूस का शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। इस दौरान सबसे पहले बरडीहा, कोल्हुआ एवं आदर गांव में श्रद्धालुओं द्वारा महावीर झंडा के साथ जुलूस निकाला गया।

# भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही जीवन सफल होगा : मिथिलेश ठाकुर

- पूर्व मंत्री ने कन्या पूजन कर किया भंडारा का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** रामनवमी के मौके पर गढ़वा में जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न स्थानों पर कन्या पूजन कर, भगवान श्री राम एवं मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर, दीप जलाकर एवं फीता काटकर भंडारा का उद्घाटन किया। साथ ही श्री ठाकुर ने प्रसाद वितरण कर भंडारा की शुरूआत की। स्टेशन रोड स्थित रामलला मंदिर, व्यवसायी संघ बाजार समिति, युवा शक्ति संघ रंका मोड़ गढ़वा, झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ सहिजना मोड़ गढ़वा आदि स्थानों पर भंडारा का उद्घाटन किया।

साथ ही श्री ठाकुर ने रामनवमी के मौके पर सत्संग समिति लगमा के तत्वावधान में आयोजित भंडारा, सनातनी हिंदू जागरण मंच मां काली मंदिर ग्राम सोह लोटो में आयोजित मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ, कमलापुरी वैश्य समाज गढ़वा की ओर से आयोजित प्रसाद वितरण समारोह, लक्की क्लब पचपड़वा की ओर से आयोजित रामनवमी जुलूस, वीर कुंअर सिंह अखाड़ा आदर्श नगर सुखबाना, श्री रामनवमी पूजा समिति मंगल भवन फॉरेस्ट कॉलोनी गढ़वा, श्री राम सेना समिति की ओर से चिनियां प्रखंड के बरवाडीह में आयोजित नवाह्न परायण यज्ञ, श्री मां भगवती मंदिर पूजा समिति दुलदुलवा मेराल की ओर से आयोजित रामनवमी पूजा महोत्सव एवं चैता दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को रामनवमी के रूप में मनाते हैं। भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर ही हम सभी का जीवन सफल होगा। उन्होंने कहा कि हमारे गढ़वा, झारखंड सहित पूरे देश में राम राज्य की स्थापना हो। श्री ठाकुर ने कहा कि राम राज्य का मतलब आपसी भाईचारा, एकता एवं अखंडता बनी रहे। हर घर हर परिवार में खुशहाली हो ऐसा राम राज्य स्थापित हो। उन्होंने कहा कि आज रामनवमी के मौके पर जगह-जगह पर भंडारा का आयोजन किया गया है। श्री ठाकुर ने कहा कि भंडारा का आयोजन सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। भक्ति भाव से किये जाने वाले कार्य में कभी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है।

मौके पर जवाहर पासवान, अनिता दत्त, महेंद्र प्रसाद, मनोज ठाकुर, प्रियम सिंह, एमपी गुप्ता, विरेंद्र साव, तनवीर आलम, फुजैल अहमद, सुनील कुमार गौतम, युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष अमित रंजन, संरक्षक वेद प्रकाश पटवा, सन्नी केशरी, मिंटु मधेशिया, दिलीप गुप्ता, राजू केशरी, दिवाकर कुमार, विनोद गुप्ता, नंद कुमार सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, विक्की पटवा, शंकर पहवान, जितेंद्र कुमार, गोपाल गुप्ता, झुगी झोपड़ी दुकानदार संघ के अध्यक्ष मनोज मेहता, श्याम किशोर तिवारी, दीपक कश्यप, अभिषेक पासवान, ओमप्रकाश गुप्ता सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# जेएसएलपीएस के नये कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सगमा।** महिलाओं को डायन प्रथा से मुक्ति, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ सुरक्षा व कानूनी सलाह देने के लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा पंचायत सचिवालय के भवन में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी, जिला परिषद सदस्य अंजू यादव पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार राम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर एवं फीताकाट कर गरिमा केंद्र का उद्घाटन किया गया। दीप प्रज्वलित के पश्चात समूह के दीदीयों के द्वारा आए हुए अतिथियों को गुलदस्ता देकर व स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि गरिमा केंद्र से केंद्र खुल जाने से महिलाओं के साथ हो रहे घरेलु हिंसा पर अंकुश लगेगा। उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। ताकि क्षेत्र के लोगो को गरिमा केंद्र का लाभ मिल सके। बीपीएम नीतीश रंजन कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को डायन कुप्रथा, हिंसा, शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को सहायता दी जाएगी। यह केंद्र 24 घंटे खुला रहेगा। जिसमें पीड़ित महिला को सुरक्षा के साथ कानूनी सलाह भी दी जाएगी। पीड़ित महिला को मानसिक रूप से मजबूत किया जाएगा, ताकि वे सहेंगे नहीं, कहेंगे की तर्ज पर कुप्रथाओं के खिलाफ डटकर सामना कर सकें। जिला परिषद सदस्य अंजू यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव डायन प्रथा से पीड़ित एक महिला की मुक्ति की सफल कहानी भी सुनाई। कार्यक्रम को बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा राजेंद्र राम ओम प्रकाश सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक रविशंकर प्रसाद पीएलबी अनीता देवी बीपीएम नीतीश रंजन कुमार सिंह बीएआई हरिशंकर महतो, सुमंत यादव सहित बड़ी संख्या में महिला समूह के दीदियों मौजूद थी। मंच का संचालन जनार्दन प्रसाद यादव ने किया।

# रामकथा के अंतिम दिन पूर्व मंत्री ने किया राम राज्याभिषेक

- नरगिर आश्रम में चल रहे रामकथा का श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मोहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चल रहे रामकथा का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। अंतिम दिन की कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आगमन हुआ, जिन्हें रामनामी पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। रामायण कथा के अंतिम चरण में राम राज्याभिषेक का मंचन पूर्व मंत्री ने किया। अयोध्या से पधारे कथावाचक पूज्य बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी ने रामायण के प्रमुख प्रसंगोंकृरावण वध, राम का राज्याभिषेक, वनगमन, चित्रकूट प्रवास, अगस्त्य मुनि की कथा, अनुसूया और शबरी संवादकृको भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वनगमन के बाद श्रीराम प्रयाग होते हुए चित्रकूट पहुंचे, जहां उन्होंने घास-फूस और पत्तों से बनी पर्णकुटी में माता सीता और भाई लक्ष्मण संग 11 वर्ष बिताए। श्रोताओं को रामायण में वर्णित शरभंग मुनि की तपस्या, अगस्त्य मुनि के द्वारा भगवान राम को दिव्य अस्त्र-शस्त्र देने की कथा और अनुसूया द्वारा सीता को दिए गए पतिव्रता धर्म के उपदेश का भी वर्णन किया गया। शबरी को श्रीराम द्वारा नवधा भक्ति की शिक्षा और उनके प्रति उसका अटूट प्रेम भी कथा का भावुक पक्ष रहा। कथा में यह भी दशार्या गया कि किस प्रकार राम ने वानर सेना की सहायता से कुंभकर्ण, मेघनाद और अंततः रावण का वध कर धर्म की स्थापना की।

पूर्व मंत्री ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य, त्याग, प्रेम और अनुशासन की शिक्षा देती है। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी और रामराज्य की संकल्पना को जीवन में उतारने का संदेश दिया।

मौके पर अध्यक्ष चन्दन जायसवाल, जगजीवन बघेल, दीनानाथ बघेल, जयशंकर बघेल, गुड्डु हरि, विकास ठाकुर, भरत केशरी, गौतम शर्मा, धर्मनाथ झा, दिलीप पाठक, राजन पाण्डेय, अमित पाठक, अजय राम, गौतम चंद्रवंशी, सोनू बघेल, पवन बघेल, सुमित लाल, अजय सिंह, राकेश चंद्रा, सूरज सिंह, शांतनु केशरी, शुभम् चंद्रवंशी, सोनू, सुन्दरम्, शिवा आदि लोग उपस्थित थे।

# एएसडी प्ले स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के सहिजना मोहल्ला स्थित एएसडी प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों ने भरपूर सराहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों की नृत्य, गीत व नाटक जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया।

विद्यालय के संस्थापक सदस्य सुबोध कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एएसडी प्ले स्कूल का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समुचित शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय इस लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। विद्यालय में विभिन्न वर्गों के विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को काफी कम शुल्क में शिक्षा दी जाती है, ताकि वे भी मुख्यधारा में शामिल हो सकें। सुबोध कुमार वर्मा ने यह भी बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार करते हुए विद्यालय ने हॉस्टल की भी व्यवस्था की है। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले बच्चे यहां रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

मौके पर प्रियरंजन सिन्हा, विनय कुमार यादव, जितेंद्र कुमार यादव, नित्यानंद त्रिपाठी, सौरभ कुमार, आलोक कुमार, प्रिया पाठक, नेहा कुमारी, ज्योति दुबे, कृति कुमारी, अंजली कुमारी, आरती कुमारी, मुस्कान कुमारी, पीहू कुमारी, हीना, अनुप प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# विद्यापति सांस्कृतिक परिषद में 52 बटुक ब्राह्मणों का होगा उपनयन संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** विद्यापति सांस्कृतिक परिषद द्वारा इस वर्ष 52 बटुक ब्राह्मणों का सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न कराया जा रहा है।

आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि आज जुटिका बंधन संस्कार कराया जा रहा है, जिसे मड़वा भी कहते हैं और कल यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा।

परिषद के अध्यक्ष ज्ञानमोहन मिश्र ने बताया कि आज के आधुनिक और महंगे युग में गरीब ब्राह्मणों के लिए उपनयन कराने में कम से कम 25 से 30 हजार रुपया एक परिवार का खर्च हो जाता है। ऐसे में प्रत्येक वर्ष इलाके के बटुक ब्राह्मणों का सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जाता है। जिसमें निबंधन करा के उपनयन कराया जाता है। बगैर किसी खर्चे के परिषद द्वारा उपनयन कराया जाता है। जिसका सारा खर्च परिषद द्वारा किया जाता है।

उपनयन के योग्य बटुक ब्राह्मणों के परिवार को बिना खर्च किए उनके बच्चों का उपनयन संपन्न हो जाता है।

सर्वजीत झा, पवन झा, राजेश झा, नन्द किशोर झा, निश्चल ठाकुर, वंशीधर मिश्र, दीना नाथ झा, विनय ठाकुर, परमानंद चौधरी, प्रभु झा, हरि किशोर झा आदि प्रमुख सदस्य हैं, जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जी जान से जुट गए हैं और हर वर्ष की भांति ये कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

# पीएलवी ने खराब चापाकल को बनवाने में की मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी एक कार्यक्रम के दौरान निरल होरो से मिले। निरल होरो ने बताया कि बिश्रामपुर पंचायत के मुंडाटोली में एक चापाकल विगत कुछ महीनों से खराब हो गया हैं। जिसका दो पाइप फट गया हैं। इस वजह से करीब 15 परिवार को पानी पीने में परेशानी हो रही हैं। जिसमें बिश्रामपुर पंचायत के कार्यालय में लिखित आवेदन देकर जल्द चापाकल की मरम्मत करने की आग्रह किया। इस संबंध में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने मुखिया पति संजय उरांव से संपर्क किया और उन्हें पूरी बात बताई और जल्द ठीक करने का आग्रह किया। पीएलवी ने निरल होरो को आश्वस्त किया कि दो दिनों के अंदर आपके मुहल्ले में चापाकल की मरत्मत की जाएगी। मौके पर पीटर गुड़िया, फानूएल होरो, सुषमा तिग्गा, किरण बाखला, जेवियर कुजूर, ज्ञान प्रकाश समद, स्तेफन डॉडराय, मनसिद हेरेंज, मनोज एक्का इत्यादि उपस्थित थे।

# जय-जय श्रीराम-जय हनुमान के भक्ति जयकारों से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

## भक्ति, आस्था और उल्लास का संगम बना लक्ष्मी टॉकीज मैदान, ड्रोन की निगरानी में रामनवमी महोत्सव संपन्न, भक्ति और व्यवस्था का दिखा अद्भुत संगम

- श्रीराम-हनुमान की भक्ति में लीन हजारों श्रद्धालु, रामभक्तों ने भुरकुंडा को बनाया अयोध्या
- चकाचौंध रौशनी, हैरतअंगेज करतब और भक्तिमय माहौल से महका रामनवमी मैदान






खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री रामनवमी पर्व को लेकर रविवार को जय श्रीराम, जय हनुमान, भोले बाबा की जय आदि भक्ति उद्घोषों से भुरकुंडा कोयलांचल, भुरकुंडा, बासल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। पर्व को लेकर श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। रामनवमी मेला का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामनवमी पर्व भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाको में हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया।

लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें आस्था का जन सैलाब देखने को मिला।







जुलूस की शक्ल में दर्जनों अखाड़े व समितियों की टीम गाजे-बाजे व महावीरी झंडे के साथ आयोजन स्थल तक पहुंची। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उंचे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडली में सीसीएल के अभियंता अंकुर विश्वनाथ, प्रिस सिंह, अभिनव कुमार व रंजन साहु शामिल थे। मेला में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पतरातु प्रखंड प्रमुख कौशल्य देवी, प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय, पतरातू सीओ मनोज कुमार चौरसिया, राधेश्याम अग्रवाल कुमेल उरांव, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, प्राचार्य विजयंत कुमार, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, रामफल बेदिया, रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, सुनील सोनी, राणा प्रताप सिंह, जयलाल सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। रामनवमी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर भीड़ पर ड्रॉन कैमरा से नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा व उपाध्यक्ष मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। जुलूस व मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, भुरकुंडा ओपी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एसआई दिनेश्वर प्रसाद मेहता, एएसआई नेपाल महतो व एएसआई गोपाल रजक के नेतृत्व में सशस्त्र बल मुस्तैदी से तैनात दिखें।

**आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं हमारे पर्व-त्योहार : मनीष जयसवाल**

हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों को रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र में हमेशा अमन-चौन व एकता-भाईचारगी का माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। सभी पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। सांसद श्री जयसवाल ने कहा कि यहां उमड़ा जनसैलाब यह साबित करता है कि भुरकुंडा का रामनवमी जिले में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# टैरिफ में अवसर

अमेरिका ने आखिरकार वह टैरिफ लागू कर दिया है जिसकी धमकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दे रहे थे। सभी उत्पादों पर 10 फीसदी टैरिफ और व्यापार साझेदारों द्वारा लगाए जा रहे शुल्क के बराबर का टैरिफ लागू होने पर अमेरिका को निर्यात होने वाला हमारा काफी सामान पहले से महंगा हो जाएगा। भारत उन देशों में काफी ऊपर है, जिन्हें अमेरिका अनुचित कारोबारी व्यवहार करता हुआ बताता है। भारत ने अमेरिकी धमकियों पर खामोश रहकर समझदारी ही दिखाई है और मुझे लगता है कि अमेरिका की कार्रवाइयों पर वह संयम भी बरतेगा। मेरे हिसाब से भारत ने अब तक समझदारी दिखाई है और वह आगे भी कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करना ही समझदारी होगी। साफ है कि यह घोषणा केवल शुरूआत है और अमेरिका दोस्त-दुश्मन देखे बगैर भारी टैरिफ लगाएगा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसका फौरी असर बुरा होगा। माना जा रहा है कि कीमतें बढ़ेंगी और उत्पादकता तथा मुनाफा कम होगा। ट्रंप को अमेरिका में भारी समर्थन हासिल है, इसलिए उपभोक्तों और उत्पादकों पर कितना भी बुरा असर हो, शुरूआती दिन और महीने ट्रंप के लिए आसानी से गुजर जाएंगे। इसलिए यह नीति वह जल्दी तो नहीं बदलेंगे। भविष्य में अमेरिका को कुछ टैरिफ कम करने पड़ सकते हैं और पश्चिमी देशों तथा विकासशील देशों की प्रतिक्रिया बता रही हैं कि शुल्क और उसके अलावा दूसरी बाधाओं में हलचल हो सकती है। दूसरे शब्दों में कहें तो अगले दो-तीन सालों में टैरिफ की दिशा समझ नहीं आ रही। ऐसे में शुल्कों की सीमा और अनिश्चितता से जुड़ी दो बड़ी चुनौतियां हैं और इन दोनों में ही इजाफा होना तय है। आखिर अहम सवाल है भारतीय कंपनियों को कब तक वैश्विक चुनौतियां से बचाया जा सकता है और देश के हित में कितना बेहतर होगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# संसार को रामकथा का सार समझना होगा





- योगेश सोनी

**धार्मिक** मान्यता है कि चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। इस त्योहार का देश ही नहीं दुनिया में रह रहे हिन्दुओं और रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता हैं।

संसार के पालनहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम हैं। भगवान श्रीराम का आचरण त्याग व तपस्या का प्रतीक है। श्रीराम के चरित्र से सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। विषम परिस्थितियों में भी किस तरह मानव को अपने जीवन को संचालित करना चाहिए यह समझने के लिए भगवान राम का चरित्र मार्गदर्शक है। विडंबना यह है कि हम नई पीढ़ी यह नहीं समझा पा रहे हैं।

युवा पीढ़ी क्रोध और कुछ भी न सहने की क्षमता से ग्रसित है। इससे समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है ।

वह खुलेपन के नाम पर नग्नता और बेशर्मी करने पर आमादा हैं। यह देखकर देश का भविष्य भी खतरे में लगने लगा है। श्रीराम और माता सीता के वनवास को लोग सिर्फ सुनते हैं लेकिन उसके पीछे का मर्म नहीं समझना चाहते। आजकल युवाओं को तो छोड़िए शादीशुदा दंपत्ति तक एक-दूसरे को दगा देने में लगे हुए हैं। बीते दिनों मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इस घटना के बाद ऐसी खबरों का आना लगातार जारी है। सौ टके का सवाल यह है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को भगवान, देवी-देवताओं और संतों के संदेश समझाने में इतने विफल हो चुके हैं कि वह अपने जीवन को संभाल नहीं पा रहे।

धर्म और अध्यात्म को लेकर जितना प्रचार-प्रसार हो रहा है क्या उसका एक प्रतिशत भी लोग अपने जीवन में उतार पा रहे हैं। शायद नहीं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हम ऐसे अंधकार की ओर बढ़ रहे है जहां केवल रुसवाई है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि बच्चों को धर्म से जोड़ें और उसका पालन करना सिखाएं। आज के हाईटेक दौर में मस्तिष्क में ठहराव नाम की चीज खत्म होती जा रही है। इससे लोगों में सहने की क्षमता कम हो गई और युवा आक्रोश में आकर गलत निर्णय ले लेते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में सबसे ज्यादा डिप्रेशन के मरीज बढ़े हैं जिसका कारण यहां अव्यवस्था बताई जा रही है।

> लेंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 19.73 करोड़ लोग विभिन्न तरह की मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इनमें 5 करोड़ लोग डिप्रेशन और 6 करोड़ लोग तनाव से ग्रसित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि स्ट्रेस या तनाव का दायरा इस आंकड़े से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक तनाव और डिप्रेशन से परेशान रहने वाले ज्यादातर लोग वे शहरी युवा होते हैं जो कॉरपोरेट जगत में काम करते हैं।

अव्यवस्था से अभिप्राय यह है कि युवा तरक्की के दौड़ में भागते हैं और धर्म, ज्ञान व संस्कार अर्जित करने के लिए के उनके पास समय नहीं होता। वह विफल होने पर डिप्रेशन में चले जाते हैं।इस वजह से किसी भी घटना व रिश्तों को समझ नहीं पाते। भारत में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या कई कारणों से बढ़ने कारण तेज भागदौड़ भरी जिंदगी, मानसिक तनाव, काम का दबाव, सामाजिक और आर्थिक बदलाव, अकेलापन, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वजह भी है।

लेंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 19.73 करोड़ लोग विभिन्न तरह की मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इनमें 5 करोड़ लोग डिप्रेशन और 6 करोड़ लोग तनाव से ग्रसित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि स्ट्रेस या तनाव का दायरा इस आंकड़े से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक तनाव और डिप्रेशन से परेशान रहने वाले ज्यादातर लोग वे शहरी युवा होते हैं जो कॉरपोरेट जगत में काम करते हैं। इस कारण 1990 के बाद भारत में सभी तरह के मानसिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोग तनाव और अवसाद को गंभीरता से नहीं लेते। उन्हें लगता ही नहीं कि यह कोई बीमारी है। एक्सपर्ट का कहना है कि जिस तरह शरीर की बीमारियां होती हैं, उसी तरह मन की भी बीमारियां होती हैं। मन की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को बहुत खराब कर देती हैं। यदि महानगरों के संदर्भ में एक घटना से समझें तो बहुत कुछ समझ में आ जाएगा। यदि दो वाहनों की आपस में छोटी सी टक्कर भी हो जाती है तो वह एक-दूसरे पर इस तरह से लड़ते हैं मानो उन्होंने आपस में जायदाद छीन ली हो। पार्किंग विवाद में मर्डर तक कर देते हैं। ऐसी घटनाओं से यह तो तय हो जाता है कि मानव जीवन पर संकट का स्तर बहुत बड़ा होता जा रहा है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोग तनाव और अवसाद को गंभीरता से नहीं लेते। उन्हें लगता ही नहीं कि यह कोई बीमारी है। एक्सपर्ट का कहना है कि जिस तरह शरीर की बीमारियां होती हैं, उसी तरह मन की भी बीमारियां होती हैं। मन की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को बहुत खराब कर देती हैं। यदि महानगरों के संदर्भ में एक घटना से समझें तो बहुत कुछ समझ में आ जाएगा।आजकल युवाओं को तो छोड़िए शादीशुदा दंपत्ति तक एक-दूसरे को दगा देने में लगे हुए हैं। बीते दिनों मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इस घटना के बाद ऐसी खबरों का आना लगातार जारी है। सौ टके का सवाल यह है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को भगवान, देवी-देवताओं और संतों के संदेश समझाने में इतने विफल हो चुके हैं कि वह अपने जीवन को संभाल नहीं पा रहे। आज धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए देशभर में रामकथा हो रही है। रामकथा सुनने लाखों लोग पहुंचते हैं। वह कथा के सार को समझने का प्रयास तो करते हैं पर उसका पालन नहीं करते, लेकिन हमें आने वाली पीढ़ी को सुधारने के लिए उन्हें रामकथा का सार समझाना होगा।

## लेटर टू एडिटर

### अनुशासन जरूरी

प्रयागराज महाकुंभ में देश-विदेश के लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कुछ अप्रिय घटनाओं को छोड़कर यह महाकुंभ सफल रहा। प्रयागराज और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटनाएं प्रशासन की चूक और अनुशासन की कमी के कारण हुईं। सरकार ने कुंभ में सफल संयोजन किया, लेकिन भविष्य में प्रशासन को और चुस्त होना पड़ेगा। लोगों को अनुशासन बनाए रखने, रेलवे स्टेशन पर ज्यादा टिकट न बेचने, और सामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की जरूरत है। **रानी खूंटी**

### मिले-जुले का मेला

बड़े धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन को सफल बनाने में सरकारी व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं का अनुशासित व्यवहार भी आवश्यक है। आगंतुकों की संभावित संख्या का सटीक आकलन, कार्यशील मशीनरी की दक्षता, पर्याप्त बजट, कुशल निगरानी तंत्र और पार्किंग आदि के लिए समुचित स्थान होना चाहिए। **- रवि रांची**

## ट्वीट

**रांची** के ईटकी प्रखंड में पिछले 10 साल से बन कर तैयार बीज प्रसंस्करण केंद्र का आज मैंने निरीक्षण किया . निरीक्षण का उद्देश्य बीज प्रसंस्करण केंद्र को सहकारिता विभाग के सिद्धको फेड के द्वारा संचालित करना है . मैंने अधिकारियों को एक माह के अंदर भवन हस्तांतरण की कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया है ।

इस केंद्र को वन उपज एवं कृषि उपज के भंडारण से लेकर प्रसंस्करण तक के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

**– शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री**

# सवाल चलती ट्रेन से पटरी पर गिरे डॉग के जिंदा बचने का नहीं, नियमों की अनदेखी का है

**डॉ. आरबी चौधरी**

सामयिक

उत्तर प्रदेश के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन (पुराना नाम झांसी रेलवे जंक्शन) पर पहली अप्रैल को 'जो हुआ, जैसा भी हुआ' उसे सारी दुनिया ने देखा। यह एक हृदयविदारक घटना है। गोल्डन रिट्रीवर नस्ल का एक पालतू डॉग प्लेटफार्म से आगे बढ़ रही चलती राजधानी एक्सप्रेस के दौरान गिर गया। सौभाग्य से यह डॉग जीवित बच गया। बावजूद इसके इस घटना ने पालतू डॉग के रेल से ले जाने के नियमों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस घटना के वायरल वीडियो में नीली टी-शर्ट और जींस पहने इस डॉग का मालिक उसे पट्टे से खींचते हुए दिल्ली जाने वाली सीएसएमटी-निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में चढ़ाने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहा है। ट्रेन के गति पकड़ते ही डॉग प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खाई में गिर जाता है।

चमत्कारिक रूप से रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की कि डॉग जीवित है और उसे उसके परिवार से मिला दिया गया है। यह परिवार फर्स्ट क्लास एसी कोच में सफर कर रहा था। हालांकि, इस घटना ने व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है और पालतू जानवरों के मालिकों की जवाबदेही और पशु कल्याण के बारे में सवाल उठाए हैं।

देश में पालतू जानवरों का स्वामित्व महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों के साथ आता है। विशेष रूप से पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 (पीसीए अधिनियम) के तहत। पीसीए अधिनियम की धारा 11 उन कार्यों को क्रूरता मानती है जो अनावश्यक दर्द या पीड़ा का कारण बनते हैं, जैसे कि एक पालतू डॉग को चलती ट्रेन जैसी खतरनाक स्थितियों में उजागर करना। इस मामले में, मालिक का डॉग को खींचने का निर्णय, बजाय उसे उठाने या सुरक्षित क्षण का इंतजार करने के उसके जीवन को खतरे में डालना जैसा रहा। भारतीय रेलवे ने पालतू जानवरों की यात्रा के लिए विशिष्ट नियम बनाए हैं। इनका विवरण भारतीय रेलवे वाणिज्यिक मैनुअल में है। पालतू जानवरों को केवल प्रथम एसी या प्रथम श्रेणी के डिब्बों में अनुमति दी जाती है, बशर्ते उन्हें एक निजी कोच में बुक किया गया हो। यात्रा के दौरान, पालतू जानवरों को पट्टे पर या मानक के अनुसार केज में रखा जाना चाहिए और दुर्घटनाओं से बचने के लिए केवल तभी चढ़ने या उतरने की अनुमति है जब ट्रेन रुकी हो।

पीसीए अधिनियम के तहत स्थापित एडब्लूबीआई (1962 में पार्लियामेंट एक्ट के तहत स्थापित देश की हाई प्रोफाइल स्वायत्तशासी प्रतिष्ठान- एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया/ भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड) , रेलवे नियमों के पूरक दिशा-निर्देश तैयार करके पशु कल्याण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके दिशा-निर्देश अनिवार्य करते हैं कि मालिक मजबूत पट्टों या वाहकों का उपयोग करें। चलते वाहनों में चढ़ने की जल्दबाजी जैसी तनावपूर्ण स्थितियों से बचें और पानी पिलाने और आराम देने जैसी पालतू जानवरों की शारीरिक और भावनात्मक जरूरतों को पूरा करें।

दो अप्रैल तक इस व्यक्ति के खिलाफ किसी भी पुष्ट कानूनी कार्रवाई की सूचना नहीं मिली। रेलवे अधिकारियों ने दंडात्मक उपायों के बजाय डॉग के जीवित रहने पर जोर दिया। एडब्ल्यूआई ने अभी तक सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप नहीं किया है।

यह समय की मांग है कि एडब्लूबीआई और भारतीय रेलवे को पालतू जानवरों के मालिकों के लिए एक संक्षिप्त प्रमाणन अनिवार्य करना चाहिए, जिसमें यात्रा नियम और सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हों। स्टेशन के कर्मचारियों को पालतू जानवरों के बोर्डिंग की निगरानी करने और वास्तविक समय में उल्लंघन करने वालों को दंडित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने से एक मिसाल कायम हो सकती है, जो सार्वजनिक भावनाओं के अनुरूप हो। इससे पालतू जानवरों के एसी क्लास में बोर्डिंग जोन जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार से जोखिम कम हो सकते हैं।

झांसी की घटना पालतू जानवरों की यात्रा सुरक्षा में व्यापक तौर पर एनिमल वेलफेयर की मौजूदा नीतियों और उसके फील्ड में प्रयोग से संबंधित मुद्दों को उजागर करती है। साथ ही यह घटना जीव जंतु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 में दर्शित पशु मालिक के कर्तव्यों को लेकर एनिमल वेलफेयर पॉलिसी की कमजोरी को सुधारने की गुहार लगा रही है। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई निरीह पशु-पक्षी मानवीय लापरवाही का शिकार न हो।

# जीवन की मर्यादा है भगवान श्रीराम का जीवन

**डॉ. वन्दना सेन**

मोटिवेशन

श्रीराम जीवन की मयार्दा हैं। सांस्कृतिक प्रेरणा है। समरसता का पर्याय हैं। भारतीय सांस्कृतिक दर्शन की धारा को प्रवाहित करने वाले भारतीय साहित्य में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव सदैव समाहित रहा है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण और संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ने सामाजिक समरसता के भाव का प्रवाहन बहुत ही गहनता से किया है। उदारता के भाव से अनुप्राणित भारतीय साहित्य निश्चित ही विश्व समुदाय को अहिंसा और सामाजिक समरसता का धरातलीय संदेश देता है। जिसकी वर्तमान में पूरे विश्व को अत्यंत आवश्यकता है।

वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है।

वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषादराज को भी गले लगाया, इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मयार्दाओं को तार-तार कर रहा है।

भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रुप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भाग दौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है। पूरे विश्व में भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रुप में पहचाना जाता है, जब हम भारत को राष्ट्र बोलते हैं, तब हमें इस बात का बोध होना ही चाहिए कि राष्ट्र आखिर होता क्या है? हम इसका अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि राष्ट्र की एक संस्कृति होती है।



**थाईलैंड के दौरे पर गये पीएम नरेन्द्र मोदी ने थाईलैंड के रामलीला कलाकारों के साथ समय बिताया और फोटो सेशन कराया।**

**साभारः अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### जनवरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**कुजू।** सीसीएल कुजू महाप्रबंधक राजीव कुमार सिंह एवं तोपा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सयुंक्त रूप से सीसीएल तोपा रेस्ट हाउस के बगल में सोमवार को जीव जंतु पेयजल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह कुजू महाप्रबंधक ने कहा कि गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल लगाया गया। सबसे पहले गाय माता को पानी पिलाया गया। राहगीर भी इसका लाभ ले सकते हैं। पानी पीने के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर मोहम्मद इलियास, शंकर राम, कुवर महतो, अशोक सिंह, उदय कुमार शर्मा, रामनाथ महतो गुड्डू, रणजीत सिंह, राजकुमार दास, कुंवर महतो, प्रदीप राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### वैष्णो देवी मंदिर में हुआ भंडारा



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा रविवार को भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग बारह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा 30 मार्च को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो रविवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### करमा में महायज्ञ की तैयारी शुरू



**कुजू।** करमा के जतराटांड़ में 10 अप्रैल से होने पांच दिवसीय श्री श्री हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर समिति के सदस्यों ने रविवार को इसका जायजा लिया। साथ ही हनुमान मंदिर, यज्ञशाला मंडप समेत बनाए जा रहे तोरणद्वार की जानकारी ली। मौके पर मौजूद समिति के सदस्य ने बताया कि यज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी. जबकि धार्मिक अनुष्ठान के बीच पूजा अर्चना के साथ साथ कथा वाचिक अनुष्का पाठक के द्वारा कथा वाचन और बाद में भव्य और आकर्षक रामलीला का आयोजन होगा। जायजा लेने वालों में यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक रामेश्वर मुंडा, धनेश्वर महतो, अशोक कुमार मुंडा, दशरथ मुंडा, नरेश मुंडा, जीतेंद्र महतो, मोहरलाल महतो, बृजलाल महतो, महादेव मुंडा, सुभाष मुंडा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल है।

### रामगढ़ में अखाड़ों ने निकाला जुलूस



**रामगढ़ ।** जिले में रविवार को प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाया गया। रामनवमी पर रामगढ़ चट्टी बाजार, लोहार टोला और अन्य पूजा कमेटियों ने आकर्षक झंकियों का निर्माण किया। पूजा समितियों द्वारा रामनवमी पर भव्य जुलूस निकाला गया।जुलूस में शामिल युवाओं ने अपने हैरतँगेज कर्तब से लोगों को अचरज में डाल दिया। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाया गया और श्रद्धालुओं के बीच चना, शरबत का वितरण हुआ। वहीं, जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए थे।

### मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूर्णाहुति



**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिके मंदिर में पूर्णाहुति हवन के साथ चैत्र नवरात्र अनुष्ठान सम्पन्न हो गया। चैत्र नवरात्र नवमी पर रविवार को श्रद्धालुओं ने पूणार्हुति हवन अनुष्ठान कर नवरात्र व्रत संकल्प को पूरा किया। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले माँ दुर्गे के नवम स्वरूप माँ सिद्धदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना व कन्या पूजन की। वैदिक मंत्रों के बीच हवन पूजन के साथ नवरात्र अनुष्ठान व दुर्गासप्तशती पाठ को पूर्ण किया गया। पूजारी सुबोध पंडा ने विधिवत हवन पूजन कराया। मंदिर परिसर और मंदिरों के हवन कुंड में लोगो ने आहुति देकर मंगल कामना की। षोडशोपचार पूजन के बाद अग्नि देवता को आहूति दी गयी।

# हजारीबाग में रामभक्ति का महासागर

## इंटरनेशनल रामनवमी का ऐतिहासिक संगम, 36 घंटे तक सड़कों पर उमड़ेगा जनसैलाब

अभय कुमार सिंह





**हजारीबाग।** जब ढोल-नगाड़ों की ताल पर कदम थिरकते हैं, और जय श्रीराम की गूंज से आकाश भी झंकृत हो उठता है, तब समझ लीजिए कि हजारीबाग की धरती पर इंटरनेशनल रामनवमी की शुरूआत हो चुकी है। शाम से हजारीबाग की गलियां केवल रास्ते नहीं, बल्कि रामभक्ति के रंग में रंगे तीर्थ बन जाएंगी। 36 घंटे तक सड़कों पर आस्था, परंपरा, संस्कृति और भक्ति का ऐसा संगम देखने को मिलेगा, जो वर्षों तक लोगों के दिलों में जीवित रहेगा।

हर साल हजारीबाग की रामनवमी न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश और विदेशों में रहने वाले रामभक्तों के लिए एक अनूठा अनुभव बनकर उभरती है। इस बार के आयोजन को इंटरनेशनल स्वरूप में और भी भव्य रूप दिया गया है। सोमवार शाम से शुरू होकर यह उत्सव अगले 36 घंटे तक नॉनस्टॉप चलेगा, जिसमें दिन-रात की सीमाएं भी मिट जाएंगी। हजारीबाग के प्रमुख चौकों, गलियों और बाजारों में भव्य झांकियां, रथयात्राएं, सजीव झाकिया और अखाड़ों की रोमांचक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। 100 से अधिक अखाड़े अपनी पारंपरिक युद्धकला, करतब और लाठी-भाला प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। हर गली-मोहल्ला भगवा पताकाओं से सजा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर चेहरा उल्लास और भक्ति से सराबोर है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि इसमें केवल धार्मिकता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गर्व और लोक परंपरा की गहराई भी समाहित है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग मिलकर इस उत्सव में भाग लेते हैं, जिससे यह आयोजन एकता और सद्भाव का प्रतीक बन जाता है। प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं। ड्रोन से निगरानी, सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती, मेडिकल टीम्स, और वॉलिंटियर्स की मुस्तैदी, सबकुछ इस बात का प्रमाण है कि आयोजन की सफलता सुनिश्चित की जा रही है। सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग, वीडियो रील्स और झांकियों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिससे रामनवमी का यह जश्न वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। हजारीबाग की रामनवमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह वह आध्यात्मिक ऊर्जा है जो लाखों दिलों को जोड़ती है। जब रात के अंधेरे में भी जय श्रीराम की गूंज सुनाई देती है, जब हर आंख में आस्था की चमक और हर दिल में राम का नाम बस जाता है, तब हजारीबाग एक शहर नहीं, रामराज्य का प्रतीक बन जाता है। अगले 36 घंटे केवल समय नहीं, बल्कि वह अमर अनुभव होंगे जो इतिहास बनकर रह जाएंगे। तैयार हो जाइए इस भक्ति महायात्रा के लिए जहां हर कदम राममय होगा, और हर क्षण दिव्यता से परिपूर्ण।

## रामनवमी को लेकर हजारीबाग में फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारी की है। रविवार को उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह के नेतृत्व में शहर के प्रमुख जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान जुलूस मार्गों का सत्यापन भी किया गया, जिससे विजयादशमी की रात निकलने वाली झांकी के सुचारु संचालन में कोई बाधा न आए। फ्लैग मार्च में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बलों के जवान मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि सभी संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों की मदद से शहरी क्षेत्र की गतिविधियों पर निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं और प्रशासन को सहयोग करें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## भुरकुंडा में अन्नपूर्णा अनुष्ठान का शुभारंभ

खबरमन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित गांधी पार्क में तीन दिवसीय अन्नपूर्णा पूजन-अनुष्ठान हुआ। शनिवार को इसका शुभारंभ सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह की पत्नी सुधा सिंह ने विधि-विधान पूजा-अर्चना कर की। सुधा सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार होता है। साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का भी आगमन होता है। उन्होंने कहा कि धर्म हमें नेक राह पर चलना सिखाता है।

उन्होंने श्रद्धालु महिलाओं को पूजा की शुभकामनाएं देते हुए मां अन्नपूर्णा से क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा में बतौर यजमान आनंद शर्मा अपनी पत्नी नीलम शर्मा के साथ शामिल हुए। वहीं प्रारंभिक अनुष्ठान पुरोहित निवेदन तिवारी और महेश तिवारी ने संपन्न कराया। पूजा में कमेटी की अध्यक्ष सुष्मिता गुहा, उपाध्यक्ष नीलम शर्मा, सचिव जया मुखर्जी, सहसचिव तृप्ति सरकार, कोषाध्यक्ष डॉली सागर के अलावा नुपूर सिन्हा, डॉली देवी, सविता देवी, कृति प्रसाद, सुनीता देवी, अनीता देवी, अनु भगत, रेखा देवी, शकुंतला देवी, माया देवी, सुनैना देवी, सपना देवी, अनीता देवी, निशा कुमारी, प्रिया, कल्पना, प्रतिमा सिन्हा, नीलम देवी, मीना देवी, सोनी देवी, लक्ष्मी सरकार, अमिता बोस, चंदना मुखर्जी, मामूनी मुखर्जी शामिल हुई। अनुष्ठान को सफल बनाने में विनय भगत, नरेंद्र सिन्हा, संजय रवि, मिथिलेश राय, विक्की नायक, अनिल विश्वकर्मा, सुदर्शन गुहा, गोपालचंद्र डे, रमेशलाल केवट, सुजीत राम, अजय सिंह, बंटी सागर, प्रशांत सिंह, विनोद चंद्रवंशी, मनोज चौधरी, रामू यादव, नीलू, पंकज मंडल, बसंत कुशवाहा, राजकुमार, राकेश शर्मा आदि ने योगदान दिया।

### बरकट्ठा में श्रद्धालुओं ने निकाली बाइक जुलूस

**बरकट्ठा।** महारामनवमी के अवसर पर बरकट्ठा में श्रद्धालुओं ने बाइक जुलूस निकाली। जुलूस में जय श्रीराम, जय हनुमान का जयकारा रामभक्तों ने लगाया। श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र धारण कर क्षेत्र को भगवामय बना दिया। जुलूस दुर्गा मंदिर से निकलकर बरकट्ठा, बेलकपी, लेंबुआ, गोरहर तक गया। वहां से पुनः लौटकर बरकट्ठा हाई स्कूल तक भ्रमण करते हुए बरकट्ठा स्थित बुढ़िया माता मंदिर पहुंचा। जुलूस सुबह 10 बजे निकला और करीब एक बजे संपन्न हो गया। जुलूस में विधायक अमित यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, शोभा समिति अध्यक्ष सुरज मोदी, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, जिला परिषद प्रतिनिधि सीके पांडेय आदि श्रद्धालु शामिल थे।

## नौ कन्याओं को कराया गया भोजन

### भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल में धूमधाम से मनी रामनवमी

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को नवमी पूजा को लेकर पुरोहित द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इधर श्री रामनवमी के पावन अवसर पर भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर में नवमी पूजन, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान के साथ चैती नवरात्र कलश स्थापना का समापन हुआ।

इसके पूर्व मंदिर प्रांगण में सनातन हिंदू समिति के द्वारा महावीर धवज स्थापित की गई। इस दौरान पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

साथ ही देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। तत्पश्चात भोग, आरती, हवन और नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने माता शीलता मंदिर में मत्था टेक अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना में भारी संख्या में श्रद्धालु महिला- पुरुष शामिल हुए।

## एक नजर में

### चुरचू में आज निकलेगी भव्य झांकियां



**चरही/चुरचू।** चुरचू प्रखंड और कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी और वासंतिक दुर्गा पूजा पूरे श्रद्धा और शांति के साथ मनाया गया। हर जगह महाबीरी झंडे लगाए गए और घर-घर में बजरंगबली की पूजा कर ध्वज स्थापना की गई। हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई, वहीं दुर्गा मंदिरों में नौ दिनों तक सप्तशती पाठ के साथ दुर्गा पूजा का समापन हुआ। जरबा में पूजा समिति द्वारा मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शामिल होकर भगवती दुर्गा के दर्शन किए और मेले का आनंद उठाया।आज इन दोनों पर्वों की झांकियां गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएंगी। इसे लेकर चुरचू, चरही और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चुरचू सीओ, बीडीओ और स्थानीय थानेदारों की निगरानी में पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की सख्त नजर है और लोगों से भाईचारा व शांति बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन ने शोभा यात्राओं को लेकर भी पूरी तैयारी कर ली है और सभी से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइनों का पालन करने का अनुरोध किया गया है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

### कुत्तों का कहर, बकरी बचाने में वृद्ध की मौत

हजारीबाग। जिले के सदर प्रखंड स्थित गुरहेत पंचायत में शनिवार को एक ऐसी घटना घटी जिसने इंसान और जानवर के संघर्ष को बेहद दर्दनाक मोड़ दे दिया। 54 वर्षीय किसान मानकी यादव की मौत उस समय हो गई जब उन्होंने अपनी बकरियों को आवारा कुत्तों के हमले से बचाने की कोशिश की। मानकी यादव रोज की तरह अपने बकरियों को लेकर गुरहेत गांव के पास स्थित 'श्मशान घाट जंगल' की ओर गए थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह दिन उनके जीवन का आखिरी दिन साबित होगा। जंगल में पहले से घात लगाए बैठे आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक बकरियों पर हमला कर दिया। मानकी यादव ने जान की परवाह न करते हुए बकरियों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तभी उन पर भी कुत्तों ने जानलेवा हमला कर दिया। नतीजा झ्र मानकी यादव की जान चली गई और जिन बकरियों को वे बचाना चाहते थे, वे भी कुत्तों की भेंट चढ़ गईं। घटना के बाद घायल अवस्था में उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। लोगों का कहना है कि सदर प्रखंड सहित हजारीबाग शहर के कई वार्डों में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सड़कों पर निकलने से डरते हैं। बावजूद इसके, प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी हैरान करने वाली है। मानकी यादव की मौत सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि अगर अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो अगला शिकार कोई और हो सकता है।

### हरली : रामनवमी मेला में उमड़ा जनसैलाब



बड़कागांव। हरली गांव में 83वें ऐतिहासिक रामनवमी मेला में रविवार को श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब। 84 गांवों और अखाड़ों से सैकड़ों महावीरी झंडा, दर्जनों झांकियां और पारंपरिक हथियारों के साथ रामभक्त मेले में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने लाठी व अन्य पारंपरिक हथियारों का मनमोहक प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को हरली रामनवमी महासमिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले की शुरूआत सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर की। उन्होंने प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। मंच का संचालन केशवनाथ महतो और उमेश दांगी ने किया, जबकि अध्यक्षता महेंद्र महतो ने की। तीन दिशाओं से आने वाले राम भक्तों का स्वागत हरली हाई स्कूल मोड़, विवाह भवन चौक और शिव मंदिर चौक पर किया गया। उत्तर दिशा से मोतरा, चपरी, गोंदलपुरा आदि गांवों से श्रद्धालु पहुंचे, पूर्व दिशा से नापोकला, मधुईया ढाब और बेला बेलतौल, जबकि दक्षिण दिशा से सांढ़-छपेरवा, गंगादोहर, विश्रामपुर समेत दर्जनों गांवों से झांकियां मेला स्थल तक लाई गईं। हरली और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और पुलिस बल की तैनाती की गई। एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ जितेंद्र मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार और थाना प्रभारी नेमधारी रजक की निगरानी में रैपिड एक्शन फोर्स भी तैनात रही। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सांसद व विधायक प्रतिनिधि, मुखिया, पंसस सदस्य और समाजसेवी शामिल थे।

# रामनवमी पर कोडरमा में उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

## परंपरागत हथियारों के साथ गेरुआ वस्त्र धारण किये शामिल हुई युवकों की टोली, जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र
















खबर मन्त्र टीम

**कोडरमा।** जिले में रामनवमी का त्योहार पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। वहीं विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा महावीरी पताकों के साथ झांकी निकाली गयी। झांकी में भगवान श्रीराम, मां सीता, हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं के रूप धरे लोग शामिल थे। जुलूस में परंपरागत हथियारों, लाठी, तलवार, फरसा आदि लिए गेरुआ वस्त्र धारण किये युवकों की टोली एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम आदि के नारों के साथ चल रही थी। वहीं डीजे पर बज रहे भक्तिमय गीतों से सम्पूर्ण क्षेत्र राममय हो गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कोडरमा बाजार स्थित गांधी चौक पहुंचा और महावीरी पताकों को एक-दूसरे से मिलन करवाते हुए राजगढ़ स्थित चैती दुर्गा मंडप पहुंचे। वहीं चेचाई अखाड़ा समिति के द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान, सीता की झांकी लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावे दुघीमाटी, महाबीर मुहल्ला, फरिंदा, राजा बंगला सहित कई जगहों से जुलूस व झांकियां निकाली गईं। इधर कोडरमा बाजार में रामनवमी महासमिति के द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शन प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों के अखाड़ा समितियों के द्वारा बारी-बारी से अपनी झांकी के साथ लाठी, भाला, तलवार आदि परम्परागत हथियारों से एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया। वहीं सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं देर रात तक चली प्रतियोगिता में रह रह कर जय श्रीराम के जयघोष से सम्पूर्ण क्षेत्र भगवामय हो गया। मौके पर ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, विधायक डॉ. नीरा यादव, राजकुमार यादव, रामनवमी महासमिति के संरक्षक प्रवीण चंद्रा, अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू के अलावे अजय पांडेय, विनय सिंह, अजित बर्णवाल, उत्तम कुमार, शशि सिंह, दीपक सिंह, अक्षय रंजन, गोपाल यादव, अजय झा, संजय पासवान, बादल सिंह, विनोद कुमार मुन्ना, जय प्रकाश राम, सोनू पांडेय, नरेश मण्डल, टिंकू कुमार, पप्पू सिंह, सुरेंद्र भारती, सुनील यादव, राजू पासवान, शिव शंकर राम, अरविंद कुमार, किशुन प्रसाद सिंह, राकेश पांडेय, सूरज प्रताप, महेश भारती, संजय सिंह, दीपक नवीन, राजा सिंह, आदित्य पांडेय, सुखदेव यादव, दिनकर ष्णा, प्रभाकर सिंह, सिकंदर दास, सुबोध सिंह, पवन यादव, राजू यादव, संदीप यादव, मोती यादव, राजू विश्वकर्मा, संदीप यादव, मुकेश यादव, गणेश राम, लालू यादव, शिवम सिंह, पवन यादव, संतोष मालाकार, प्रेम भारती, महेंद्र यादव, जयप्रकाश राम समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**विभिन्न अखाड़ा समितियों ने निकाली आकर्षक झांकी :** रामनवमी के मौके पर विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा प्रस्तुत झांकी एक से बढ़ कर एक थी। प्रत्येक झांकी अलग-अलग प्रकार का सन्देश दे रही थी। गिरिडीह रोड कोडरमा द्वारा निकाली गयी झांकी में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान बने युवक युवतियां काफी आकर्षक लगे। वहीं नवयुवक संघ इंदरवा के द्वारा निकाली गयी भगवान श्रीराम दरबार की झांकी को खूब पसंद किया गया। वहीं लोचनपुर द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित आकर्षक झांकी निकाली गयी। वहीं झांकी में यह भी देखने को मिला कि महाकुम्भ में नागा साधु भी अपने वर्षों की तपस्या को छोड़ कर सनातन धर्म को बचाने के लिए स्नान कर रहे हैं। वहीं भगवान राम, माता सीता, हनुमान रहते हैं, वहां पर बानर सेना आवश्य ही रहते हैं। बानर सेना की नटखट झांकी यह संदेश दे रही थी कि सनातन धर्म हमारा धर्म है। इसी तरह अन्य झांकियों के द्वारा अलग अलग सन्देश दिया गया। मौके पर नवयुवक संघ इंदरवा के चंद्रदेव यादव, यमुना यादव, रूपेश राणा, उमेश यादव, लोचनपुर के दिनेश रजक, सुखदेव राणा, राम लखन यादव, भोला यादव, महादेव साह, अर्जुन रजक, देवनारायण साह, पंकज कुमार शर्मा, छात्रधारी साह, राजेश रजक, बालेश्वर यादव, गौतम कुमार, विक्की कुमार सिंह, रूपेश कुमार, अखिलेश रजक आदि मौजूद थे।

**प्रशासन दिखा चुस्त, ड्रोन कैमरे से की जा रही थी निगहबानी :** रामनवमी के जुलूस के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह सतर्क दिखे, जगह जगह पर पर्याप्त बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद नजर आए, साथ ही ड्रोन कैमरे से पूरे क्षेत्र की निगहबानी की जा रही थी। वहीं सोशल मीडिया और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह हर क्षेत्र से पल पल की जानकारी ले रहे थे। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनुप कुजूर, नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुश्वाहा, डीईओ अविनाश राम, थाना प्रभारी अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## सतगावां प्रखंड में भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली गयी




खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में रविवार को विश्वहिंदू परिषद् व बजरंग दल द्वारा भव्य राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत बासोडीह के हटिया मैदान में सभी बजरंगियों का एकत्रीकरण किया गया। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला,मुखिया अनीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं उपस्थित अथितियों का भगवा पट्टा व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया।

शोभायात्रा हटिया मैदान से निकल कर विभिन्न इलाकों से गुजरी, जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया। शोभा यात्रा हटिया मैदान से निकलकर बासोडीह बाजार होते हुए रामडीह तक गयी। जहां से पुनः वापस लौट कर बासोडीह बाजार होकर बरियारडीह, पचमौह, कलीडीह आदि का भ्रमण कर हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा स्थल पहुंची। सबसे खास बात यह रही की शोभायात्रा जिस किसी मार्ग से गुजरी वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस फोर्स तैनात किये गये थे। जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट भी तैनात थे। वहीं बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाईक, सीओ केशव चौधरी, थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा उपस्थित रहे। वहीं बिजली विभाग ने शोभायात्रा मार्ग की बिजली पहले से काट रखी थी, ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो। मौके पर बब्लू सिंह, बंटी राउत, बालमुकुंद सिंह, धनंजय यादव, रामावतार चौधरी, मथुरा प्रसाद यादव, सुनील सिंह, विनोद यादव, रणधीर कुमार, शेखर सुमन, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## चंदवारा प्रखंड में भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में जुलूस निकला गया। जिसमें चंदवारा गैड़ा पिपराडीह, बनदाचक, कांटी, पोकडांडा में विश्व हिंदू परिषद् व बजरंग दल के द्वारा भव्य राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत पिपराडीह के लोग अपने गांव होते हुए पिपराडीह चौक से मैदान में पहुंचे एवं अपनी प्रतिभा को दिखाया। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि रामनवमी के अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, पूर्व मुखिया बालेश्वर यादव, हीरामन रजक समेत अन्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया। वहीं उपस्थित अथितियों का भगवा पट्टा व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया एवं जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस फोर्स तैनात किये गये थे।

मौके पर सतीश राणा, महेश राणा, संतोष यादव, अर्जुन यादव, विनोद यादव, रमेश यादव, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, संगम रामजी वर्मा, मनोज यादव, राजेश कुमार, विपिन रजक, प्रकाश ठाकुर, गजाधर राम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जयनगर में जय श्रीराम के नारे से गूंजा इलाका

**जयनगर (कोडरमा)।** रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान काफी संख्या में नवयुवकों के साथ बच्चे व बुर्जुगों ने पारंपरिक हथियार के साथ-साथ लाठी डंडा से कई करतब दिखाए। स्थानीय जयनगर दुर्गा मंदिर में प्रखंड के गम्हरबाद, गोदखर, महुआटांड, डुमरी, लतबेधवा, नवादा, सतडीहा, प्रतापपुर, योगियाटिल्हा, इरगोबाद, सांथ, बागाडीह, लोहाडंडा, पेठियाबागी, कटहाडीह, खेशकरी समेत कई गावों के लोग लगभग 4 बजे पहुंचे और वहां से जुलूस निकाला गया। जुलूस मस्जिद मुहल्ला होते हुए थाना परिसर पहुंचा और लगभग आठ बजे समाप्त हुआ। इस दौरान लोगों द्वारा जय श्रीराम, बीर बजरंगी के नारे लगाये जा रहे थे। विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। इधर शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

## एप्रिसिएबल ने सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया घोषित



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद में शनिवार को सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। यह परिणाम कक्षा नर्सरी से कक्षा नवीं तक के विद्यार्थियों के लिए था। वहीं विद्यालय निदेशक मुंशी यादव ने कहा कि कोई भी कार्य सकारात्मक भाव से करनी चाहिए व सकारात्मक दिशा में तभी आप सकारात्मक परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं, अभिभावकों से उन्होंने आग्रह पूर्वक कहा कि आप सभी होमवर्क बनवाने में विद्यालय को पूरा-पूरा सहयोग करें, बच्चों के लिए अभिभावक ही सबसे बेहतरीन शिक्षक होते हैं, बच्चों को बेवजह होम ट्यूशन या यहां वहां दौड़वाकर उनका समय बर्बाद न करें, ट्यूशन के भरोसे वाले बच्चे कक्षा में पूर्ण ध्यान नहीं देते हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा हो जाता है कि वह ट्यूशन क्लास में समझ लेगा। वहीं शिक्षिका सुशीला एक्का ने बताया कि हमारा विद्यालय पूर्ण रूपेण अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय है जहां अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बेहतरीन शिक्षा मुहैया कराई जाती है, बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भरने के लिए विद्यालय अपना सर्वस्व लगा रहा है, इसलिए वह स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर, टीवी, खिलौने, कीट्स आदि जैसे आनेकों उपकरणों को उपयोग में लाकर हम अपने विद्यालय को एक कुशल शिक्षालय बना रहे हैं। वहीं कक्षा नर्सरी से नवीं तक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन ने बधाइयां दिए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। साथ ही यह भी बताए कि विद्यालय 8 अप्रैल से नियमित रूप से संचालित होगा।

## विभिन्न समितियों ने झंडा चौक पर किया खेल का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झुमरीतिलैया शहर में रविवार को शहर व गलियों में राम जी की सेना विभिन्न झांकियों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए झंडा चौक पर पहुंची। जहां सार्वजनिक रामनवमी महासमिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झांकियां अनुशासन व विभिन्न तरह के खेल प्रदर्शन की शुरुआत की। रविवार को रामनवमी को लेकर घर-घर एवं मंदिरों में महावीरी ध्वज भी लगाए गए। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शहर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, अड्डी बंगला संकट मोचन हनुमान मंदिर, चमत्कारी बाबा मंदिर, सामंतो हनुमान मंदिर समेत अन्य हनुमान मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। वहीं अलग-अलग इलाकों से जुलूस के साथ तय स्थलों का भ्रमण करते हुए झंडा चौक की ओर बढ़ते जा रहे थे। जगह-जगह पर डंके की आवाज गूंजती रही। सुबह से ही श्रीराम व वीर हनुमान को आह्वान किया गया, युवा वर्ग उत्साहमय थे।



### मरकच्चो में रामनवमी जुलूस में सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

**मरकच्चो (कोडरमा)** प्रखंड का विख्यात महा रामनवमी का जुलूस रविवार की शाम 5 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हालांकि विभिन्न क्लबों व अखाड़ो की झांकियों का जुटान 3 बजे दोपहर से शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। पांच बजे शाम के बाद शुरू हुआ झांकियों का नगर भ्रमण। इस दौरान मरकच्चो की तमाम गलियां दर्शकों से खचाखच भरी थी। मरकच्चो एवं आगल-बगल के अखाड़ा समितियों व क्लबों द्वारा पौराणिक कथाओं महाभारत व रामायण पर आधारित दर्जनों झांकियां निकाली गई थी। यह झांकियां दुर्गा मण्डप परिसर से निकलकर रूट चार्ट के अनुसार पासवान मुहल्ला, पश्चिम मुहल्ला, प्रेम नगर, बन्धन चौक, अस्पताल रोड, भोजपुर, तिवारी मुहल्ला, भगवती डीह, ब्राह्मण मुहल्ला, बाजार मुहल्ला, तेली मुहल्ला, बड़ा अखाड़ा, लाल नगर, दास नगर, देवगढ़ मुहल्ला, तुरिया टोला, कैलाश नगर, ब्लॉक चौक, श्री नगर, कोटवार मुहल्ला आदि जगहों का भ्रमण कर देररात दुर्गा मण्डप परिसर पहुंची। इस दौरान राम भक्तों के द्वारा श्रीराम नाम के जयकारे लगाए जा रहे थे। वहीं डंके की आवाज के साथ झूमते विभिन्न अखाड़ों के कलाबाज जगह जगह, चौक-चौराहों पर परम्परागत हथियारों का खेल प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान ग्रामीणों, क्लबों थाना परिवार की ओर से जगह जगह जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत व पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वही पुलिस प्रशासन की ओर से जगह जगह चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे।

# मुझे चढ़ गया भगवा रंग... गीत से राममय हुआ गुमला जिला

## रामनवमी जुलूस में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे गीतों से गुंजता रहा शहर


रामनवमी जुलूस का झंडे के साथ नेतृत्व करते केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी।


तलावर चलाती युवती।


जुलूस में रामनवमी बाजा बजाते युवक।


जुलूस में महावीरी झंडा लिये सांसद सुखदेव भगत व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला में रविवार की शाम रामनवमी का जुलूस निकाला गया। रामनवमी जुलूस का नेतृत्व केंद्रीय महावीर मंडल समिति के पदाधिकारी कर रहे थे। पारम्परिक ढोल नगाड़ा के साथ केन्द्रीय महावीर मंडल समिति का महावीरी झंडा जुलूस के आगे चल रहा था। केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के महावीरी झंडा के पीछे-पीछे अलग अलग अखाड़ों का जुलूस था।

### जुलूस में तलवार लेकर शामिल हुई महिलाएं व युवतियां



जुलूस में शामिल नौजवान डंका बाजा की धुन पर थिरक रहे थे। कई संस्थान द्वारा जुलूस में साउंड सिस्टम का प्रयोग किया गया। साउंड सिस्टम से पूरा शहर जयश्री राम के नारों से गूंज रहा था। भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा, मुझे चढ़ गया भगवा रंग जैसे गीतों से माहौल पूरी तरह भक्ति व आस्था में तब्दील हो गया।

जुलूस के दौरान कहीं जय श्री राम तो कहीं जय हनुमान के नारे लग रहे थे। कहीं ढोल नगाड़ा तो कहीं डंका और कहीं लाउडस्पीकर से भक्ति गीत की गुंज सुनाई पड़ रही थी। केन्द्रीय महावीर मंडल समिति का महावीरी झंडा गाजे बाजे के साथ टावर चौक पहुंचा। टावर चौक से आरंभ रामनवमी जुलूस पालकोट रोड, घाटो बगीचा से सिसई रोड, टावर चौक होते हुए मेन रोड, काली मंदिर से वापस डाकघर रोड दुन्दुरिया से वापस थाना रोड होते हुए टावर चौक में समाप्त हो गया।

रामवनमी जुलूस देखने के लिए गांव-गांव से लोग आए थे। भक्तों की उमड़ी भीड़ से शहर में का माहौल भक्तिमय रहा। जुलूस में सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, केंद्रीय सरहुल संचालन समिति के सचिव दीपनारायण उरांव, जगन्नाथ उरांव आदि शामिल हुए।

वहीं जुलूस का नेतृत्व केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार साहु, सचिव सुमित साबू, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उज्जवल सिन्हा, अनिल आनंद, उज्जवल केशरी, अनमोल गुप्ता, सह सचिव संजय वर्मा, रंजीत सोनी, अमन आनंद, बबलू वर्मा, अनिकेत कुमार, राजेश गुप्ता, राहुल केशरी, कुंदन राय, हरजीत सिंह, प्रदीप कसेरा, रोहित खंडेलवाल, राजेश सिंह, गुन्नू शर्मा, सुरेश फोगला, अजय सिंह राणा, रूपक कुमार, रविंद्र सिंह, बद्री गुलशन, शशि प्रिया बंटी, विनोद कुमार, सुबोध लाल, ब्रीज फोगला, दुर्गा गुप्ता, सत्यनारायण पटेल, कौशलेंद्र जमुवार, अजीत विश्वकर्मा, शंभू सिंह, कुंदन कुमार, राजनील तिग्गा, आलोक साहु आदि कर रहे थे। जुलूस में घाटो बगीचा, रामनगर, हरिजन मुहल्ला, सरना टोली, डीएसपी रोड, पालकोट रोड, अंबेडकर नगर, मेन रोड आदि के अखाड़े शामिल थे।

## सनातन धर्मावलंबियों ने आस्था व विश्वास के साथ घरों में लगाया महावीरी झंडा



गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व रविवार को श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ मनाया गया। सनातन धर्मावलम्बियों ने पूर्ण आस्था के साथ महावीरी झंडा की अपने घर आंगन व अखाड़ों में पूजा की और हनुमान चालीसा व संकट मोचन का पाठ किया। धूप, दीप, नैवेद्य, अच्छत चंदन सिंदुर से बजरंग बली की पूजा की गई और हवन आरती के बाद भक्तों ने संकट मोचन हनुमान से अपने जीवन की मंगलकामना की। गुमला में केन्द्रीय महावीर मंडल समिति द्वारा श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। आचार्य हरिशंकर त्रिपाठी ने केन्द्रीय महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार साहु को संकल्प कराया और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महावरी झंडा की पूजा करायी। इसके अतिरिक्त गुमला जिला मुख्यालय में लगभग दो दर्जन अखाड़ों में महावीरी झंडा व अस्त्र शस्त्र की सामूहिक पूजा किया गया जबकि सनातन धर्मावलम्बी राम भक्तों ने अपने-अपने घरों में महावरी झंडा की पूजा की और श्री राम भक्त हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महावीर मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी।

## हनुमान की जन्मस्थली आंजनधाम जय श्री राम और जय हनुमान के उदघोष से गुंजता रहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राम भक्त हनुमान की जनस्थली आंजनधाम रविवार को जय श्री राम व जय बजरंग बली के नारों से गुंजता रहा। रामनवमी पर्व पर हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा है। हनुमान का वंशज अपने को कहने वाले आंजन धाम के लोग पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की। गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों के अलावे कई राज्यों से लोग आंजन धाम आकर पूजा अर्चना की



और माता अंजनी व बालक हनुमान की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेकर अपनी मनोकमना पूर्ति का वरदान मांगा। रामनवमी पर्व को लेकर टोटो से आंजन तक महावीरी पताके लहारे रहे थे। वहीं आंजन धाम में झंडे की विधिवत पूजा कराकर भक्तों द्वारा अपने घरों में उसे लगाया गया। उपर आंजन स्थित प्राचीन मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पंडितों द्वारा धार्मिक विधि से पूजा अर्चना की गई।

### जारी में रामनवमी पर्व पर धूमधाम से निकाली गयी शोभा यात्रा, झंडा का मिलान किया गया



जारी। रामनवमी पर्व पर जारी प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर, कमलपुर, तिगरा, छत्तीसगढ़ के पतरा टोली गांव के लोग शोभा यात्रा निकालकर झंडा मिलान किया। शोभायात्रा में सैकड़ो हिंदू समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस में जय श्री राम बजरंगबली की गगनभेदी नारा लगाया जा रहा था। जारी प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायत के कटिम्बा बरवाडीह हुटार, रूद्रपुर सहित विभिन्न स्थानों से शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को देखते हुए जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने सुरक्षा को लेकर स्वयं तैनात दिखे। वहीं चौक चौराहा पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। लोग गाजे बाजे और अस्त्र-शास्त्र के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं एक से बढ़कर एक करतब का प्रदर्शन भी किया। शोभायात्रा में आगे आगे समिति के पदाधिकारी झंडा लेकर चल रहे थे वहीं पीछे गाजे बाजे के साथ लोग नाचते गाते हुए जयकारा लगा रहे थे। शोभायात्रा में राजेंद्र लोहार, राजू नायक, तिलकन लोहार, इंद्रर नायक, संजय कुमार, सत्येंद्र नायक, माही मल्हार, सहित हिंदू समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## नवरात्रा के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की हुई पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** वासंतिक नवरात्रा के अंतिम दिन शक्ति की देवी मां दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। देवीगुड़ी मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा व पालकोट रोड में आध्या शक्ति पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्त गण फल, फुल, नारियल, आदि का चढ़ावा कर मां की पूजा अर्चना की और अपने सुख-समृद्धि व क्षेत्र की शांति के लिए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से प्रार्थना की। चैती दुर्गा पूजा समिति में आचार्य हरिशंकर मिश्र, पूजक शैलेश मिश्र व पालकोट रोड आध्या शक्ति पूजा समिति में आचार्य अमित पूरी ने नवमी पूजा की विधि धार्मिक अनुष्ठान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण कराये। देवीगुड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। इसके अलावे शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, काली मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं नवरात्रा से आरंभ नौ दिवसीय रामचरित्र मानस पाठ भी रविवार को संपन्न हो गया। कई भक्तों ने अंतिम दिन उपवास रखकर मां के सिद्धिदात्री रूप की पूजा अर्चना की। वहीं अंतिम दिन आध्या शक्ति व चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हवन पूजन कर पूजा की समाप्ति की। मौके पर पूजा समिति के संजीव उर्वशी, सरजु प्रसाद, द्वारिका मिश्र, शंभू चौरसिया, सुरेश मंत्री, राजीव कुमार, गोपाल वर्मा, प्रेम सागर जायसवाल, राजेश गुप्ता, आध्या शक्ति श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्जय पासवान, रमेश कुमार, अभिषेक सिंह, धीरज कुमार साहु, रोहित राज, विकास सिंह, अभय राम, अमित जायसवाल, नवनीत केशरी, आर्यन गुप्ता, विकास साहु, राहुल प्रसाद, सौरभ गुप्ता, राज जायसवाल, अमन सिंह आदि उपस्थित थे।


मां का स्वरूप धारण की बच्ची और मां का प्रतिमा।

### कुंवारी कन्याओं की हुई पूजा

नवरात्रा में मां दुर्गा की नौ दिनों तक लगातार आराधना करने वाले भक्तों ने अंतिम दिन नौ कन्याओं की पूजा की और उन्हें भोजन कराया। मां की आराधना करने वाले लोग कुंवारी कन्याओं की पूजा अर्चना कर अपनी सुख-समृद्धि की कामना की। कहा जाता है की कुंवारी कन्याओं की पूजा मां के पूजा के बराबर है। रविवार को चैती नवारात्रा के नवमी को लेकर घरों में सबसे पहले कुंवारी कन्याओं क पैर धोये गये और उन्हें पूजा गया।

## चना शरबत बांट कर दिया समरसता का संदेश


जुलूस में चना शरबत का वित रण करते उत्कल समाज के लोग।


लोगों के बीच चना शराब वितरण करते तेली समाज के सदस्य।



आपसी एकता व सादगी का परिचय देते हुए विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने रामनवमी जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया और चना शरबत आदि का वितरण कर सम्प्रदायिक सद्भाव व भाईचारा का संदेश दिया। जिसमें चेंबर ऑफ कामर्स, मारवाड़ी युवा मंच, पालकोट रोड में केन्द्रीय सरहुल संचालन समिति, छोटानागपुरिया तेली समाज, उत्कल ब्राह्मण समाज, रौनियार वैश्य समाज, अरूणोदय संघ, संवेदक संघ, लाला मेमोरियल क्लब, सर्वधर्म सदभावना मंच, नगर परिषद के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के बीच चना व शराबत का वितरण किया गया। वहीं केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया और गांव से आए लोगों के बीच चना गुड़ व शरबत का वितरण किया। महावीर चौक में स्व संतोष चौधरी के स्मृति में ब्लू डायमंड सोसायटी द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। इस स्टाल में खिचड़ी, सूजी हलवा व फल आदि का वितरण किया गया।

### स्पीड न्यूज

### मानवता हुआ शर्मसार : कैरो में बच्ची के साथ हैवानियत



कैरो। रामनवमी के पवित्र दिन जहां पूरी दुनिया श्रीराम के चरित्र को अपनाने की बात कर रही है और त्योहार मना रही है वहीं दूसरी तरफ हैवानियत की सारी हदें पार करने का मामला दिखाई दिया। थाना क्षेत्र के खरता में हैवानियत की सारे हदें पार करने और दिल को झकझोड़ देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जिसमें सुना उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मामला रविवार सुबह की है जहां करीब तीन, चार वर्ष की मासूम बच्ची के साथ मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया। छोटी सी माशूम को जब रोते हुए घायल अवस्था में ग्रामीणों ने देखा तो उसे बिस्कुट, दूध, पानी देकर सहारा दिया जिसके बाद पूछने पर बच्ची अपने पिता का नाम मुकेश और मां का नाम संगीता भर बताने सक रही है। मामले की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिसके बाद ग्रामीणों का हुजूम टूट पड़ा जिसने भी माशूम को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए और उस बच्ची के साथ ऐसा करने वाले खरता निवासी युवक भवसागर महली पिता ~~नंदकिशोर महली करीब 40 वर्षीय को~~ ढूंढने के लिए ग्रामीणों चारों तरफ दौड़ पड़े, जिसके बाद भवसागर महली को टाटी में पकड़ कर जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले की सूचना स्थानिए मुखिया के माध्यम से थाना को दिया गया। जिसके बाद थाना के एएसआई संजय कुमार सिंह ने रामनवमी आयोजक समिति के सुनील यादव के साथ मिलकर बाइक में ही प्राथमिक इलाज के लिए कुडू अस्पताल ले जाया गया। जहां से सदर अस्पताल ले जाने की बात कही गई। ग्रामिण महिलाओं के अनुसार पीड़ित बच्ची के साथ मारपीट के साथ ही बलात्कार करने का भी आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार भवसागर महली निहायत ही गिरा हुआ लड़का है और गांव में भी किसी के साथ अच्छा व्यवहार नही रखता है। इधर युवक के घर मे भी कोई परिवार नहीं है। बच्ची की हालत काफी खराब थी जिस कारण तत्काल अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस को सौंपते हुए ग्रामीणों ने मांग किया कि ऐसे हैवान को मुश्किल से पकड़ा गया है इसे कड़ी से कड़ी सजा मिलने चाहिए, ग्रामीणों के लिए हैवान से कम नही है।

### विवाहित युवक ने घर में लगायी फांसी

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के अरमई नेवा टोली निवासी बेचना लकड़ा पिता स्व सोमरा लकड़ा का शव घर के अंदर फंदे में झूलता मिला। सूचना पर गुमला थाना की पुलिस रविवार सुबह गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक शादीशुदा था और उसने दो शादी की थी। पहली पत्नी रामी लकड़ा की चार बेटी है। जबकि दूसरी पत्नी राजश्री कुमारी का एक पुत्र है। पहली पत्नी ने बताया कि दूसरी पत्नी से पति का नहीं बनता था। दोनों में अक्सर झगड़ा होता रहता था। हम लोग सभी एक ही घर के अलग-अलग कमरे में रहते हैं। शनिवार की रात किसी बात को लेकर दूसरी पत्नी के साथ दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद मैंने अपनी बड़ी बेटी के हाथों से खाना भेजा था। इसके बाद दूसरी पत्नी ने मेरी बेटी को डांट लगाई। वही अपने पति के साथ झगड़ा की थी।

## जय श्री राम के नारों से लोहरदगा हुआ भक्तिमय, शोभायात्रा में जमकर झूमे लोग


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।


शोभायात्रा का नेतृत्व करते पदाधिकारी।


जुलूस में झूमते लोग।


जुलूस में निकाली गई झांकी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

लोहरदगा। जिले में रामनवमी पर्व को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिला। रविवार को जिले के शहरी क्षेत्र में निकल गया भव्य शोभायात्रा। इस शोभायात्रा में कई अलग अलग झांकियां भी निकाली गई जिसमे छत्रपति संभा जी महाराज और अशोक वाटिका लोगो को खूब आकर्षित किया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। लोगो ने पारंपरिक पोशाक भगवा वस्त्र पहने और अस्त्र-शस्त्र के साथ नजर आए। वही शोभायात्रा के दौरान महिलाएं और युवाओं में काफी उत्साह दिखा। ढोल नगाड़ा और डीजे के धुन पर लोग जमकर झूमते दिखे। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर राममय नजर आया। भगवा पताका से लोहरदगा भगवामय दिखने लगा। लोगो ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। वही सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट पर नजर आई सभी चौक चौराहों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी साथ ही सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जा रही थी वही शोभायात्रा के साथ भी पुलिस बल की तैनाती की गई थी जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पर विभिन्न संगठनों ने जुलूस का स्वागत करते हुए चना, शरबत,पानी आदि की व्यवस्था की गई।

## भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है : ओम सिंह

### जिला कार्यालय में मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बक्सीडीपा स्थित जिला कार्यालय में रविवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में पार्टी की स्थापना दिवस मनायी गई। कार्यक्रम की शुरूवात पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रजवलित कर किया गया।



मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है।जो भारत को एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर सथापित करने को कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का गठन 6 अप्रेल 1980 को नई दिल्ली के कोटलर मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया था। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे।अपनी स्थापना के साथ ही राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी शसक्त भागीदारी दर्ज की है तथा भारतीय राजनीति को नये आयाम दिए। उन्होंने कहा कि विकास आधारित राजनीति की नींव भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद रखी।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के द्वारा देश का सवार्गीण विकास किया जा रहा है सबका साथ, सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए पार्टी आज 11 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा का इतिहास जनसंघ से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत चीन युद्ध मे भरतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर नेहरू के नीतियों का डट कर विरोध किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो उपाध्यक्ष अजय पंकज, अनिल उरांव, महामंत्री पशुपति नाथ पारस, संजय अग्रवाल, ओम गुप्ता, सचिन कुमार मिथुन तमेडा, बाल्मीकि कुमार, अशोक कांस्य कार, सत्यम कुमार, सुरेश बैठा दिनेश प्रजापति समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

## कैरो में धूमधाम के साथ निकली रामनवमी शोभायात्रा

### जय श्री राम के नारों से गूंजा वातावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में भक्ति भाव के साथ रामनवमी त्योहार मनाया गया। सभी सनातन धर्मावलंबियों ने विधीवत पूजा अर्चना के साथ ही अपने अपने घरों में भगवान वीर हनुमान का ध्वज फहराते हुए एक दूसरे को शुभकामना दिया। जिसके बाद हनहट, कैरो व नगजुवा में रामनवमी शोभायात्रा यात्रा में अलग अलग अखाड़ों ने पारंपरिक हथियार लेकर बैंड बाजा के धुन में जय श्री राम, जय हनुमान, राम लखन जानकी, जय बोलो हनुमान की जैसे महामंत्रो के साथ नाचते गाते हुए मेला टांड़ पहुंचे व अस्त्र शस्त्र का प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर हनहट मेला टांड़ के लिए खरता से महाबीर मंडल में शामिल होकर सैकड़ो महिला, पुरुष व बच्चें पहुँचे वहीं, टाटी, सढ़ाबे, गितिलगढ़, केराटोली,



फुलसुरी, ककरगढ़, रानिटोंगरी सहित कई गांव से शोभायात्रा मेला टांड़ पहुंचे। वहीं कैरो व नगजुवा में भी मेला का आयोजन किया गया। सीओ कुमारी शिला उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, एसआई मनोज गुप्ता, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित प्रसासनिक अधिकारियों द्वारा हर परिस्थिति में नजर बनाए हुए थे। हनहट आने वाले शोभायात्रा के लिए विष्णु उरांव, प्रदीप लोहरा सहित कई सामाजिक लोगों द्वारा चना गुड़ व सरबत की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास भगत, प्रदीप लोहरा, लखन उरांव, राजेन्द्र यादव, बसंत महतो, श्यामसुंदर उरांव, पवन यादव, सिद्धार्थ साहू, गोविंद महतो, रोहित साहू, टार्जन कुमार, लक्ष्मण उरांव, राम सिंह, अवध किशोर साहू, भागीरथी सिंह, अंकित सोनी, बजरंग प्रसाद, कमलेश साहू, प्रताप गुप्ता, दीपक दुबे, सुसेन महतो, बीरबल महली, कृष्ण यादव, बजरंगी यादव, सुजेश दुबे, राजेश यादव, पारसनाथ यादव सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

# रामनवमी की शोभा यात्रा से भक्तिमय हुआ लातेहार शहर, हजारों की संख्या में उमड़े राम भक्त

# जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हुआ लातेहार

## भगवान राम ने मानव जगत के लिए जो मयार्दा स्थापित की है, उसका हम सभी को पालन करना चाहिये: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में रविवार को श्री रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा समेत विभिन्न अखाड़ा के द्वारा पुरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। इससे पुर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए डीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव,अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीपीओ अरविंद कुमार, महासमिति के मुख्य संरक्षक विधायक बैद्यनाथ राम का महासमिति के लोगों द्वारा पगड़ी पहनाकर व तलवार देकर स्वागत किया। वहीं मौके पर सुशील कुमार अग्रवाल, हरिशंकर यादव, राजधानी


मंचासीन अतिथि।

प्रसाद यादव, पंकज सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। इसके पश्चात महासमिति के द्वारा शोभा यात्रा निकाला गया। जो थाना चौक से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए समाहरणाल गेट तक पहुंचा। जिसके बाद शोभा यात्रा समाहरणालय गेट से वापस होकर मेन रोड होते हुए बाजार टांड़ पहुंचा। इस दौरान राम भक्तों के द्वारा भगवान राम के भक्ति गितों पर खुब झुमें साथ ही शोभा यात्रा के दौरान राम भक्तों ने शस्त्र प्रदर्शन भी किया व महावीरी झंडे लेकर जय श्री राम के नारे लगाये जिससे पुरा शहर राममय हो गया। वहीं शोभा यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ व हनुमान का स्वरूप बने झांकी का प्रदर्शन प्रत्येक चौक में किया गया। साथ ही


पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते समिति के लोग।

विभिन्न समिति के द्वारा कई आकर्षक झांकी भी निकाली गई थी। जो देखते ही मनमोहक लग रहा था। वहीं लातेहार के विभिन्न जगहों में विभिन्न समिति व समाज के लोगो के द्वारा स्टॉल लगाकर राम भक्तों के लिए जलपान का व्यवस्था किया गया था। जिसमे शौंडिक समाज, रौनियार समाज, महावीर मंदिर ठाकुर बाड़ी, श्री राम टेंट हाउस समेत कईलोगो ने स्टॉल लगाया था। वही रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने अतिथियो का स्वागत किया और अपने संबोधन में सभी को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने शोभा यात्रा में शांति बनाये रखने की अपील लोगों से की। संरक्षक त्रिभुवन पांडेय ने हनुमान मंदिर व मुख्य अखाड़ा के इतिहास के बारे में बताया। इससे पहले महासमिति के पदधारियों द्वारा अतिथियों को पगड़ी एवं रामनामी चादर भेंट किया गया। वहीं जुलूस में महासमिति मुख्य अखाड़ा के साथ-साथ बाईपास चौक से श्री राम नवयुवक संघ बाईपास के अध्यक्ष संभू प्रसाद, उपाध्यक्ष सूरज कुमार, महामंत्री अनिकेत सिन्हा, सचिव दीपक विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद के साथ साथ अंबाकोठी अखाड़ा, जुबली चौक, धर्मपुर समेत विभिन्न स्थानों के समिति ने शोभा यात्रा निकाला। इस दौरान लातेहार पुलिस ने सक्रियता के साथ सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। शोभा यात्रा में थाना प्रभारी दुलड चौड़े अपनी नजर बनायें हुए थे।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा अहम योगदान

विशाल कुमार, कौशल पांडे, सौरभ पाठक, अविनाश विश्वकर्मा, मोनू सिंह, राजकुमार दास, सुनील शौंडिक, निशोद गुप्ता, अश्विनी सिंह, रविद्र प्रजापति, उज्जवल साहू, अर्जुन पाठक, सौरभ साहु, अभीषेक साहू, पंकज दास, विकास कुमार, संतोष यादव, सागर कुमार, विपिन कुमार, अशोक यादव, दीपक कुमार, राहुल गुप्ता, विकास कुमार, नीरज रजक, राजन प्रसाद, रंजीत कुमार, प्रियांशु गुप्ता, रोहित गुप्ता, आयुष कुमार, राहुल प्रजापति, बबलू प्रजापति समेत कई कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## महुआडांड में रामनवमी का त्योहार पूरे धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# जय श्रीराम नारे से गुंज उठा महुआडांड

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड प्रखंड मे रामनवमी का त्योहार रविवार को पूरे धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनवमी के इस पावन बेला पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू महासभा, बजरंग दल, रामनवमी पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में महावीरी झण्डे का मिलान समारोह का आयोजन स्थानीय शास्त्री चौक पर किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की भारी संख्या में महावीरी झण्डे के साथ रामभक्त पहुंचे। इस दरम्यान रामभक्तों के जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारो के द्वारा अपने अपने करतब भी दिखाए गए, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य व प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को महुआडांड हिन्दू महासभा के द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रामभक्तों ने महावीरी झण्डे के साथ नृत्य करते हुए कई खेल व करतब दिखाये। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रामभक्तों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। रामनवमी के अवसर पर अष्टमी को निकला भव्य जुलूस, तो वहीं नवमी को निकाला गया मोटरसाइकल जुलूस...जय हनुमान, जय श्रीराम से गुंजायमान हुआ इलाका। बजरंग दल के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड प्रखण्ड में रामनवमी के अवसर पर अष्टमी की संध्या को भव्य जुलूस एवं नवमी को मोटरसाइकल जुलूस निकला गया। ये जुलूस दुर्गा बाड़ी से शुरू होकर



शास्त्री चौक, बिरसा मुंडा चौक, अम्बवाटोली, होते पुरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस दुर्गा बाड़ी मे पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान राम भक्तो के जय श्रीराम के गगन भेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। जुलुस में सैकड़ो की संख्या में रामभक्त मौजूद रहे। इस दौरान हर जगह राम भक्त अपने जौहर व कला का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल विभाग संयोजक सुरज प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, महावीर मंडल अध्यक्ष नितीश कुमार साहू, अष्टमी जुलूस का अध्यक्ष आयुष जायसवाल (विधायक), रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष अंकित जायसवाल, उज्जवल धनुष, निरंजन जायसवाल, दीपक गुप्ता, जंयत कुमार, पंकज दास बाबू, मिथुन जायसवाल, मोहित कुमार, ध्रुव जयसवाल, हिमांशु जायसवाल, सोनू, मोनु, राजा राम रवि, मनीष, रिंकू, सत्यम, सौरभ, रितुराज, पवन यादव आदि बजरंगी एवं हिन्दू महासभा समिति के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

### विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासन पुरी तरह से रहा मुस्तैद

लातेहार उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार विधि व्यवस्था संधारण को लेकर महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, महुआडांड एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया, बीडीओ सह सीओ संतोष कुमार बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद, महुआडांड थाना प्रभारी इन्द्रदेव रजवार, एसआई बादल दास के संयुक्त नेतृत्व में महुआडांड प्रखण्ड प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस बल के जवान तैनात थे।

## रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मिलता है बढ़ावा : प्रेम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर, आदिशक्ति हनुमान मंदिर, पंचमुखी शिव मंदिर समेत सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जय श्रीराम के जयघोष और भजन-कीर्तन से माहौल पूरी तरह राममय हो गया। मंदिरों में विशेष पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों की ओर उमड़ने लगी। मंदिरों में रामलला की विशेष आरती की गई और प्रसाद का वितरण हुआ। प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात था। रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान कर भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे माहौल में भक्ति और उत्साह की भावना देखने को मिली। पहड़तली स्थित गायत्री मंदिर और पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया था।



### तिरंगा क्लब ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

दूसरी ओर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिरंगा क्लब बभंडीह अखाड़ा कमेटी के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर भव्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों का सम्मान भी किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गांव की महिलाओं (विधवा, बुजुर्ग) पत्रकारों और धार्मिक गुरुओं को भगवान श्रीराम का पट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। संरक्षक प्रेम कु अधूरा और अध्यक्षता ओमप्रकाश राम उर्फ दीपू ने किया। जहां प्रेम कु .अधूरा ने अपने संबोधन में रामनवमी के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। अंत में सभी अतिथियों और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

**कार्यक्रम में उपस्थित तिरंगा क्लब के पदाधिकारी:** मौके पर उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, पंकज तिवारी, सचिव विशाल सोनी, अमित कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, चंदन ठाकुर, नीरज सोनी, मनोज सोनी, गौतम बाबा, भीम पासवान, विनोद शर्मा और यस कुमार समेत भक्तगण एवं तिरंगा क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बालूमाथ में आज निकलेगी रामनवमी की झांकी और शोभा यात्रा

**बालूमाथ।** रामनवमी को लेकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में आज झांकी और भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए बालूमाथ महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रौशन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस प्रखंड स्तरीय झांकी और शोभा यात्रा में महावीर मंदिर, बड़का बालूमाथ, मुरपा मोड़, अम्बेडकर नगर, चट्टी टोला,टमटम टोला, नगड़ा समेत प्रखंड क्षेत्र के हजारों लोग भाग लेंगे 'जिसमे प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा आधे दर्जन अलग-अलग भारतीय संस्कृतियों से जुड़ी आकर्षक झांकियां की प्रस्तुति की जाएगी जो काफी मनमोहक और आकर्षक रहेगा । जिसे देखते हुए उन्होंने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सोमवार को निकलने वाली झांकी व शोभा यात्रा में भाग लेने का अपील किया है। वही होने वाले आयोजन को लेकर भव्य मंच तैयार किया जा रहा है जिसमें बेहतर झांकी और साउंड को पुरस्कृत भी किया जाएगा। वही इससे पूर्व महाष्टमी को भव्य मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया था। जिसमे हजारो लोगो ने भाग लिया था।

## मनिका प्रखंड में धूमधाम से रामनवमी पर्व हुआ संपन्न, जय श्री राम के जयकारे से गूंजा क्षेत्र

# शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी का पर्व दिन रविवार को शांतिपूर्ण वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। वहीं रामनवमी पर्व के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्री राम भक्तों के द्वारा सुबह से ही विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना व महावीर पताका लगाया गया। जिसके बाद क्षेत्र के विभिन्न गांव से गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाला गया, साथ ही जुलूस में महिला,पुरुष एवं भारी संख्या में बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान राम भक्तों के जय श्री राम, जय सनातन के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजेमान हो उठा। वहीं पचफेड़ी चौक स्थित शिव मंदिर, बाजारटांड़ देवी मंडप मंदिर, थाना परिसर मंदिर, टांड़ पर


शोभा यात्रा में शामिल राम भक्त।

मंदिर, भदईबथान, नामुदाग, भट्टको, समेत विभिन्न जगहों से निकाले गये शोभा यात्रा मुख्य पथ का भ्रमण करते हुए हाई स्कूल खेल मैदान पर पहुंची, जहां पर झंडा का मिलान किया गया। जिसके बाद सभी शोभायात्रा पुनः अपने-अपने स्थान पर वापस चले गए। वहीं शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों, चौक-चौराहे एवं शोभा यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी और ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी शोभायात्रा की निगरानी की जा रही थी। इस दौरान बीडीओ संदीप कुमार एवं थाना प्रभारी शशि कुमार के द्वारा रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने हेतु जगह-जगह पर खुद से भी निगरानी रखी जा रही थी। वहीं सुरेंद्र पासवान, गोविंद पासवान, आकाश भारती, बबन पासवान, विकास कुमार, शुभम कुमार, विश्वनाथ पासवान, दरोगी प्रसाद यादव, अमरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, ईश्वरी प्रसाद, रमेश पासवान, अंकित राज, बैजनाथ प्रसाद, कृष्ण गुप्ता, प्रवीण कुमार,उतम कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झंडा मिलान सह शोभायात्रा का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में महा अष्टमी की रात्रि में झंडा मिलान सह शोभा यात्रा जुलूस निकाला गया। बैंड बाजा की धुन पर निकाले गए इस भव्य जुलूस में राम भक्तों ने अपने हाथों में तलवार लाठी व केसरिया ध्वज थामे चल रहे थे। और जय श्री राम के नारे लग रहे थे। बालूमाथ के सभी रामनवमी पूजा समिति द्वारा निकाले गए इस भव्य शोभायात्रा में सभी अखाड़ा कमेटियों ने अपने-अपने मोहल्ले का भ्रमण किया और महावीर मंदिर परिसर पहुंचे जहां युवाओं ने एक से बढ़कर एक करतब दिखलाया। तलवार और लाठी भांजकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमे महावीर मंडल भामाशाहनगर एव चट्टी टोला जामा मस्जिद होते हुए मंदिर परिसर पहुंची वहीं बड़का बालूमाथ, टमटमटोला अपने मोहल्ले का भ्रमण करते हुए महावीर मंदिर पहुंची। जहां सभी झंडों का मिलान किया गया। वही निकाले गए इस भव्य शोभायात्रा सह झंडा मिलान कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोन से पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मौके पर रोशन साहू, अर्जुन साव, दिवाकर साव, पंचानंद पांडे, गुड्डू कुमार, पप्पू विश्वकर्मा, रामकुमार साव, बहादुर साव, राजू साव, करण कुमार, रंजीत लाल, अशोक साव, रूपदेव साव, पपु ठाकुर, गुड्डू गुप्ता, संजय पुरियार, सूरज साह, सुनील गुप्ता, गोलू कुमार, पंकज पांडेय, समेत सैकड़ो रामभक्त मौजूद रहे।

# श्रीरामनवमी पर निकली भव्य महावीरी जुलूस, श्रीराममय हुआ चंदवा

- चंदवा में भगवान राम व भक्त हनुमान की भक्ति में लीन रहे भक्त
- बनारस एवं कोलकाता से आए कलाकारों ने पेश की एक से बढ़ाकर एक प्रस्तुति

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को श्रीरामनवमी पूजा हर्सोल्लास व धूम धाम के साथ मनाई गई। श्रीरामनवमी के अवसर पर चंदवा, अलौदिया, हरैया, कामता, पतराटोली, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सरोज नगर, लोहरसी, ब्रह्मणी, जमीरा समेत अन्य महावीर अखाड़ो के द्वारा संध्या बेला में चंदवा शहर समेत ग्रामीण इलाकों से भव्य श्रीरामनवमी जुलूस निकाली गयी। जिसमें हजारो की संख्या में राम भक्त महावीरी ध्वज लेकर शामिल हुये। श्रीराम जनकी बैठे है मेरे सिने में, एक हीं नारा एक हीं नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम, जय श्रीराम के उदघोष के साथ युवा, बुजुर्ग व बच्चे जुलूस में करतब दिखाते नजर आये। इस मौके पर शहर से लेकर गांव तक सनातन धर्मावलंबी भगवान श्री राम व भक्त हनुमान की भक्ति में लीन देखे गए।







श्रीरामनवमी के मौके शहर से सटे सरोज नगर मुहल्लों में पंचमुखी हनुमान मंदिर, नगर मंदिर, श्रीराम दरबार मंदिर व देवी मंडप, हरैया, कुजारी, कंचन नगरी, अलौदिया समेत विभिन्न गांवों में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। श्रीराम नवमी के दौरान पूरा शहर महावीर झंडो से पटा नजर आया। महावीरी जुलूस में शामिल लोगो के लिये हिन्दू उत्सव समिति, रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट, तैलिक साहू समाज, आदर्श साहू परिवार युवा मंडली, प्रखंड सरना समिति, नव युवक तैलीक समाज, वी के एस, लायंस क्लब समेत कई संस्थानों के द्वारा कई स्थानो पर सेवा भाव के साथ भक्तो के लिए फ्रूट चाट, लस्सी, कोलड्रिंक्स, शरबत, पानी की व्यवस्था की गयी। वही युवा भारत के द्वारा स्थानीय इंदिरा गांधी चौक के समीप जिला परिषद प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां प्रतिभागियों ने अपने कला का प्रदर्शन किया।

### हनुमान मंदिर पूजा समिति ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

रामनवमी पूजा के मौके पर हनुमान मंदिर पूजा समिति शुक्र बाजार अलौदिया के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां कमेटी के लोगों के द्वारा समाज के प्रबुद्ध जनों पूजा समिति के पदाधिकारी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कमेटी के नन्ही बच्चियों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर अखाड़ा समिति के राम प्रसाद साहू, कुलमान साहू, असगर खान, डुगरू साव, राधेश्याम साव, दिनेश साव, दीपक निषाद, रूपेश कुमार, प्रदीप ठाकुर, अमित कुमार, अमृत कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। इधर श्रीरामनवमी के मौके पर हिन्दू धर्मावलंबियों ने विधिवत पूजन के उपरांत अपने-अपने घरों के आंगन व छतो में महावीर पताका फहराया। हनुमान चालिस पाठ, पूजन व आरती के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया।

### बनारस एवं कोलकाता से आये कलाकारों ने पेश हैरतअंगेज करतब

रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान महावीर मंडल सरोज नगर व रामनवमी पूजा समिति हरैया के द्वारा भव्य झांकी भी निकाली। बनारस व कोलकाता से आए कलाकारों ने प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया।

**मुश्तैद रही प्रशासन** उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव के निदेर्शानुसार सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में चंदवा पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद देखी गयी। सभी चौक, चौराहो, मुख्य बाजार समेत जुलूस के दौरान भी सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम देखने को मिला।

## शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पूजा संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतो मे शांति व्यवस्था के साथ रामनवमी पूजा संपन्न हुआ। बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित फूलसु, गोनिया, टोटी, सिबला, बालूभांग, साल्वे, डाढ़ा व अमरवाडीह पंचायत के सभी गांवो मे उत्सव के साथ रामनवमी पूजा मे श्रद्धालुओं की भींड उमड़ गई। शनिवार शाम को सभी मंदिरों व गांव के देवी स्थलों मे झंडा लगाया गया। रविवार को कई जगहों मे झंडा को लेकर जय बजरंग बली जय श्री राम का नारा लगाते हुए भगवा रंग मे लोगों ने अपने अपने नजदीकी क्षेत्र के मेले पहुंचे। जहाँ झांकी का भी प्रस्तुत किया गया। बैंड बाजे गाजे के साथ जुलुस मे उत्सव किया। इधर बारियातू पुलिस व प्रखंड प्रशासन विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सभी मेले मे मार्च करते दिखे। साथ ही ड्रोन केमरे के माध्यम से निगरानी की गईं। रामनवमी पूजा मे कई मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भाईचारे का मिशाल पेश करते हुए जुलुस को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अहम भूमिका निभाते दिखे। बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे पूर्व से सभी हिन्दू मुस्लिम के त्यौहार मे एक दूसरे को मदद करते है। यहां भाईचारगी और सहोर्दय का मिशाल पेश किया जाता है। सभी धर्मों और आस्था का सम्मान किया जाता है। सामजिक समरसता कायम रखने के लिए सभी अपना अपना सहभागिता निभाते हैं।

## मनिका प्रखंड के देवी मंडप व भदईबथान मंदिर में किया गया भव्य भंडारे का आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर एवं भदईबथान गांव में राम भक्तों के द्वारा रामनवमी पर्व के अवसर पर दिन रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सुजीत कुमार यादव, पंकज यादव, सुरेंद्र यादव, गोविंद यादव, विनोद यादव, हरेंद्र यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।


प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु।

# रामनवमी पर्व उत्साहपूर्वक मना, जयश्रीराम-जय हनुमान के उद्घोष से गुंजायमान हुआ पूरा शहर

## युवकों ने पारंपरिक हथियारों से लैश होकर दिखाया एक पर एक करतब





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में रामनवमी पर्व उत्साहपूर्वक मना। शहर के विभिन्न रामनवमी पूजा समिति द्वारा रामनवमी का अखाड़ा निकाला गया। शहर के टिन बाजार सब्जी मार्केट, रसिकपुर, राखबानी, कुम्हारपारा, चूहा बगान, शिव मंदिर, डंगालपाड़ा, बन्दरजोरी, दुधानी गोशाला रोड, गिलानपाड़ा, मारवाड़ी संघ की ओर से अखाड़ा निकाला गया। अखाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर टिन बाजार पहुंचा। जहां युवकों एवं जुलूस में शामिल लोग पारंपरिक हथियार लाठी-डंडे, तलवार, फरसा समेत विभिन्न हथियारों के साथ करतब दिखाते नजर आये। खेल का आनंद ले खिलाड़ियों का उत्साह बर्धन कर रहे थे। पूरा शहर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। टिन बाजार रामनवमी समिति द्वारा हर साल की भांति आकर्षक झांकी के साथ अखाड़ा निकाला गया। झांकी में विशाल बजरंगबली की प्रतिमा, राम-लक्ष्मण, माता सीता, शिव-पार्वती, मां दुर्गा, काली, राधा-कृष्ण समेत विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा झांकी में शामिल रहे। जय श्री राम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारे से भक्तिमय महौल दिखा। शहर के टिन बाजार समेत विभिन्न चौक-चौराहे पर अखाड़ा का स्वागत के लिए शरबत, नीबू पानी समेत अन्य शीतल पेयजल का स्टॉल लगाने की व्यवस्था विभिन्न समिति द्वारा की गयी थी। टिन बाजार समेत शहर में सुरक्षा व्यवस्था में काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व जवान तैनात रहे।

इस अवसर पर एसडीपीओ विजय महतो, नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद दिखे।

# हवन व नौ कन्या पूजन के साथ वासंतिक नवरात्र महानवमी की पूजा संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** रामनगर स्थित श्री श्री महारानी देवी मंदिर के प्रांगण में वासंतिक (चैत्र) नवरात्र महानवमी के मां नवदुर्गा का नौवां स्वरूप मां सिद्धिदात्री का पूजन पुरोहित विकास पांडेय, यजमान अंजलि कुमारी के द्वारा विधि-विधान से अंतिम दिन हवन के साथ संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में नौ कन्या और भैरों बाबा की पूजा-अर्चना, महाप्रसाद खिलाकर समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। माता रानी का महाप्रसाद का भी सभी श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।

मौके पर बिंदा प्रसाद, इंदर मल्लाह, अर्जुन निषाद, जोगेन्दर सहानी, तारकेश्वर मल्लाह, मदन निषाद, बलराज साहनी, केएन सिंह, राजू सिंह, मनोज प्रसाद, रामधार सहानी, रिंकु कुमार निषाद, संजय गुप्ता, शंभू पासवान, विजय केवट, जितेन्द्र सहानी, भोला पासवान, दिलीप निषाद, विश्वनाथ सहानी, जयप्रकाश मल्लाह, संतोष सहानी, अनुज सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, चेत नारायण सिंह, महावीर राम, प्रेमचंद प्रसाद, बिनोद सहानी, विवेश सिंह, गोलू कुमार, धनंजय कुमार गुप्ता, जुगल सहानी, श्रीकांत कुमार, अभिषेक कुमार, पिंटू निषाद, रविन्द्र सहानी, कमली देवी, शारदा देवी, उषा देवी, कौशल्या देवी, निभा गुप्ता, सोनी देवी, रेणु देवी, राजेश्वरी देवी, मिस्टी कुमारी, कांति देवी, रोशनी कुमारी, कलावती देवी, कुसुम देवी, ईशा कुमारी, शिवानी कुमारी, स्वाति कुमारी, संजना कुमारी, आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

### शॉर्ट सर्किट से अचानक चलती बाइक में लगी आग



**दुमका।** शॉर्ट सर्किट से अचानक चलती बाइक में आग लग गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर रोड दुधानी टावर चौक के समीप घटी। आग पर काबू स्थानीय लोगो की मदद से काफी मशक्कत के बाद पाया जा सका। सूचना पर नगर थाना की पेट्रौलिंग वाहन मौके पर पहुंची। अचानक आग लगने से बाइक धू-धू कर जलती रही। स्थानीय कार गैरेज मिस्त्री व स्थानीय समीप के घर से मोटर चला पाइप के जरिए जलती बाइक पर करीब आधे घंटे से अधिक समय तक पानी का छिडकाव और बालू की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार दुमका से अपने घर जामा थाना क्षेत्र के बारापलासी के समीप घूरनंदी गांव निवासी बाइक सवार पल्सर आर 220 पर सवार होकर नागेश टुडू अपने दोस्त अवधेश मुर्मू के साथ दुमका से घर की ओर जा रहा था। जैसे ही दुधानी टावर चौक से आगे बढ़े शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गयी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार व्यक्ति की मौत, एक घायल

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह ओडतारा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात ट्रक से बाइक सवार को रौंदने से घटना स्थल पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार दुमका डंगालपाड़ा निवासी चंदन कुमार अपने मामा केशव प्रसाद दुबे के साथ बाइक से प्रत्येक वर्ष की तरह ध्वजा चढ़ाने बौंसी जा रहे थे। जानकारी के अनुसार जैसे ही बाइक सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे बाइक सड़क किनारे पड़े कंक्रीट में असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे सड़क पर दोनों गिर पड़े वहीं सामने से आ रहा ट्रक मामा को रौंदते हुये फरार हो गया। घटना में केशव प्रसाद दुबे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना हंसडीहा थाना को मिलते ही सहायक अवर निरीक्षक बिनोद सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर घायल चंदन कुमार के साथ मृतक केशव प्रसाद दुबे के शव को दुमका भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना लाया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है। साथ ही बाइक के पीछे बैठे घायल युवक को ईलाज के लिए दुमका भेजा गया है। मृतक के परिजनों द्वारा अबतक थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। उचित कार्यवाही की जाएगी।

### डीपीएस चास में किशोरों के क्रोध-नियंत्रण पर शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित



**बोकारो।** डीपीएस चास में नये सत्र में शिक्षण की प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य विषय किशोरों में गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को कंट्रोल करने के तरीके था। इसमें डीपीएस चास के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। बतौर रिसोर्स पर्सन उम्मीद काउंसलिंग एंड कंसल्टिंग की फाउंडर एवं डायरेक्टर डॉ सलोनी प्रिया ने शिक्षकों को किशोरों में गुस्से एवं चिड़चिड़ेपन को कंट्रोल करने के लिए प्रभावी रणनीतियों को अपनाने व बड़े वर्गों से प्रभावी ढंग से निपटने और प्रभावी कक्षा प्रबंधन के लिए एक व्यक्तिगत कार्य योजना विकसित करने के बारे में निर्देशित किया। इस विषय पर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सत्र को मनोवैज्ञानिक व व्यावहारिक और दिलचस्प बना दिया। इस तरह की कार्यशालाओं के महत्व पर प्रकाश डालती हुई विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि ये पहल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और शिक्षकों की शिक्षण क्षमता को बढ़ाने के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाएगी। इससे विद्यार्थियों की भावनाओं को समझकर उसका समाधान भी प्रभावी सिद्ध होगा। विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की क्षमता-निर्माण कार्यशाला से शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों को प्राप्त करने तथा ज्ञान का आदान-प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

# रंगकर्मियों ने कला को पुनर्जीवित करने का उठाया बीड़ा

- **रंगकर्मियों ने किया 'बोकारो रंगमंच' का गठन**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्थित बोकारो रंगमंच के कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पधारे अनुभवी और प्रतिष्ठित रंगकर्मियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाना था जिसमें विशेष रूप से मई माह के अंत तक आयोजित होने वाले दो दिवसीय नाट्य महोत्सव पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 'बोकारो रंगमंच' द्वारा आयोजित इस महोत्सव में जिले के विभिन्न विद्यालयों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि वे अपनी ओर से एक-एक एकांकी नाटक प्रस्तुत करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालयी छात्रों में पेशेवर रंगमंच के प्रति रुचि जगाना व उनके अभिनय कौशल को मंच प्रदान करना तथा युवा प्रतिभाओं को सामने लाना है। महोत्सव के अंतिम दिन दो पेशेवर नाट्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएँगी। इसमें एक 'बोकारो रंगमंच' की प्रस्तुति होगी वहीं दूसरी प्रस्तुति चंद्रपुरा प्रखंड की प्रतिष्ठित संस्था 'धरोहर' द्वारा दी जाएगी। इन प्रस्तुतियों के पश्चात एक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें रंगमंच के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों और विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में जिले के जाने-माने रंगकर्मी अरुण के सिंह, राजेश कुमार सिंह, श्रीकुमार पांडेय, संजय चौहान, संजीव श्रीवास्तव, अजित भगत, भौमिक दा, दिलीप, महबूब आलम, धर्मेंद्र सोनी और पूर्णेन्दु सिन्हा पुष्पेश' जैसे अनुभवी कलाकारों ने सक्रिय सहभागिता निभायी। इन सभी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ उसके सफल आयोजन हेतु अपने सुझाव और जिम्मेदारियां साझा कीं।

गौरतलब है कि पिछले 15 से 20 वर्षों में बोकारो जिले में रंगमंचीय नाटकों की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी। पहले जहां नियमित रूप से नाटकों का मंचन होता था वहीं धीरे-धीरे यह कला मृतप्राय होती चली गई। ऐसे कठिन समय में जिले के समर्पित और अनुभवी रंगकर्मियों ने 'बोकारो रंगमंच' का गठन कर इस कला को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया है। इस नवगठित संस्था में जिले के विभिन्न विधाओं के पुराने और नए कलाकार शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस पहल से न सिर्फ रंगकर्मियों को एक सक्रिय मंच मिलेगा बल्कि जिले की सांस्कृतिक चेतना को भी नई दिशा और गति मिलेगी।

# 'नंद घर' ने 15 राज्यों में 8,000 का आंकड़ा किया पार

- **आंगनबाड़ी व्यवस्था के सशक्तिकरण का मॉडल प्रोजेक्ट-अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल नंद घर ने 15 राज्यों में 8000 का आंकड़ा पार कर लिया है। 8044 आंगनबाड़ियों को महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए आधुनिक केंद्रों में परिवर्तित करने की यह पहल झारखंड सहित भारत के 15 राज्यों में फैली हुई है और ग्रामीण विकास के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। जिले के चंदनकियारी प्रखंड में भी नंद घर का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जनसंपर्क अधिकारी अनघा जोशी के अनुसार नंद घर के माध्यम से अब तक 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा- पोषण- स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास जैसी सुविधाओं का लाभ मिला है। देश की आंगनबाड़ी व्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में काम करने वाला यह एक मॉडल प्रोजेक्ट है। परियोजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से संचालित एक आधुनिक आंगनबाड़ी मॉडल नंदघर बच्चों में कुपोषण को दूर करने उन्हें पूर्व-प्राथमिक शिक्षा देने व प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण एवं बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यहां स्मार्ट शिक्षा उपकरण, इंटरएक्टिव ई-लर्निंग मॉड्यूल, बाला डिजाइन और स्मार्ट टीवी जैसी सुविधाएं भी दी जाती हैं ताकि 3-6 साल के बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया जा सके। हर केंद्र में बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, बिजली, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस प्रकार, नंद घरों में बच्चों को एक सुरक्षित और पोषणयुक्त माहौल मिलता है। नंद घर कुपोषण के खिलाफ भी काम कर रहे हैं। यहां बच्चों को पोषक आहार और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को जरुरी पोषण सहायता दी जाती है। इसके अलावा, नियमित टीकाकरण अभियान और स्वास्थ्य शिविर जैसी स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं जिससे संपूर्ण समुदाय के स्वास्थ्य को और बेहतर बनाया जा सके। नंद घर महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बना रहा है, जिसमें समुदाय की महिलाओं को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और रिटेल जैसे कौशल निर्माण गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इससे महिलाएं प्रति माह औसतन 10000 रुपए तक की आय अर्जित करने में सक्षम हो रही हैं। कुपोषण से बच्चों को बचाने के लिए प्रोटीन-युक्त मिलेट शेक दिए जा रहे हैं। इस उपलब्धि पर प्रिया अग्रवाल हेब्बर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन और वेदांता लिमिटेड की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि 8000 नंद घरों की यात्रा हमारे इस संकल्प को दशार्ती है कि हम जमीनी स्तर पर जीवन में बदलाव लाने के लिए तत्पर हैं। ये केंद्र संभावनाओं के ऐसे द्वार हैं जहाँ बच्चे सीखते हैं- बढ़ते हैं और आगे बढ़ते हैं। महिलाएँ आत्मनिर्भर बनने के लिए जरूरी साधन और कौशल प्राप्त करती हैं। शशि अरोड़ा, नंद घर के सीईओ ने कहा कि नंद घर केवल आँकड़ों की बाजीगरी नहीं बल्कि इसका उद्देश्य उन जिंदगियों में बदलाव लाना है जो हमारे संपर्क में आती हैं। रवीश शर्मा, डिप्टी सीईओ और डब्ल्यूटीडी, ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इसे झारखंड के 150 नंद घरों के लिए भी प्रेरक उपलब्धि बताई। चंदाहा की लाभार्थी अंजलि बद्याकर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा- नंद घर ने हमारे जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है। बच्चे अब हर दिन एक सुरक्षित व स्वच्छ जगह पर खेलते और सीखते हैं।

## खबर एक नजर में

### रामनवमी के अवसर पर कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन प्रारंभ



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कल्याणी स्थित जोडीया शिव मंदिर में रामनवमी पर्व के अवसर पर मंदिर के प्रांगण में आयोजित अखंड हरिकीर्तन को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, बच्चे शामिल हुए। सभी महिलाएं कल्याणी स्थित दामोदर नदी तट से कलश में जल भरकर पैदल यात्रा कर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। जय श्री राम बजरंगबली के भजन-कीर्तन व जयकारे के साथ महिला-पुरुष श्रद्धालु खुब थिरके। यहां प्रदीप कुमार मिश्रा एवं रवि कुमार तिवारी ने यजमान जितेंद्र दुबे को पूरे विधि-विधान से पूजन कार्य संपन्न कराया। जिसके बाद अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुआ। कमिटी के सदस्यों ने बताया कि यहां वर्ष 1995 से रामनवमी के अवसर अखंड हरिकीर्तन और कलश यात्रा निकाली जा रही है। मौके पर कमिटी के सदस्य राकेश कुमार उर्फ (छोटू सिंह), गोपाल सिंह, संपत सिंह, बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, विकाश सिंह, भरत सिंह, उदय सिंह, अंशु कुमार, अविनाश कुमार, राहुल कुमार, उपेन्द्र नाथ सिंह, सुमित सिंह, जितेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

### जवाहर नगर में चैत्र नवरात्र के नवमी पर हवन, कन्या पूजन और विशाल भंडारा का आयोजन



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नगर दुर्गा मंदिर में नवमी को हवन, कन्या पूजन और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। बिहार के बाका जिला से आए आचार्य अमित बाबा के समस्त टीम द्वारा मुख्य यजमान समाजसेवी शक्ति सिंह एवं उनकी पत्नी रजनी कौर को विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद खिलाते हुए दक्षिणा दी गई। इस अवसर पर भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी। समाजसेवी सह केडीएस के डायरेक्टर शक्ति सिंह के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किये। मुख्य रूप से समाजसेवी जितेन्द्र पांडेय, निवर्तमान पार्षद राजू सिंह, समाजसेवी भोला दिगार, गोलू सिंह, उमेश रवानी, विकास सिंह, राहुल कुमार सिंह, पिन्टू सिंह, पवन सिंह, मनोज राय, राज चौघरी, प्रशांत चौघरी, दिलीप सिंह, सोनी सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। सोमवर की शाम को मां दुर्गा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ करगली फिल्टर प्लांट के समीप दामोदर नदी तट पर किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के दिलीप शर्मा उर्फ गुड्डू शर्मा, टुलु सिंह, मनोज राय, विद्याभूषण, दया राम, दीपक सिंह, दयाराम, संजय सिंह, मलकीट सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### बोकारो से स्थानांतरित सात न्यायिक पदाधिकारियों को दी गई विदाई



**बोकारो।** बोकारो व्यवहार न्यायालय में कार्यरत सात न्यायिक पदाधिकारियों को उनके स्थानांतरण के उपलक्ष्य में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) डॉ दिव्या मिश्रा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम) लूसी सोशेन तिग्गा सब जज रवि कुमार भास्कर, भूपेश चंद्र समद, निभा रंजना लकड़ा, न्यायिक दंडाधिकारी अक्षय शर्मा और मोनिका श्रीवास्तव को अलग अलग दुशाला भेंटकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने न्यायिक पदाधिकारियों के बोकारो में कार्यकाल के दौरान उनके योगदान की सराहना की। श्री गिरि ने कहा कि इन सभी अधिकारियों ने बोकारो में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाई है। इनका स्थानांतरण हमारे लिए एक भावनात्मक क्षति है लेकिन हमें विश्वास है कि ये अपने नए कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता अतुल कुमार विजय कुमार ओम प्रकाश लाल राजेश कुमार संजय कुमार प्रसाद संजीत कुमार सिंह अंकित ओझा सुकमति हेस्सा दीपिका सिंह संदीप पूर्ति गिरीश ओझा समेत दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बोकारो के कलाकारों, रंगकर्मियों व संगीत प्रेमियों ने स्व. मनोज कुमार को किया याद

**बोकारो।** महान अभिनेता व फिल्मकार मनोज कुमार के निधन पर बोकारो के कलाकारों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उपकार, पूरब और पश्चिम, रोटी- कपड़ा और मकान, क्रांति आदि फिल्मों के निर्माण व निर्देशन सहित अनेक फिल्मों में यादगार अभिनय के लिए मनोज कुमार चर्चित रहे हैं। कवि, पत्रकार, गायक व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सांस्कृतिक सचिव अरुण पाठक ने कहा कि मनोज कुमार बहुत बड़े अभिनेता व फिल्मकार थे। उनकी फिल्में गीत संगीत के लिए भी जानी जाती हैं। फिल्मों में उम्दा अभिनय व देशभक्ति फिल्मों के लिए वे सदैव आदर के साथ याद किए जाएंगे। कवयित्री करुणा कलिका ने कहा कि ऐसे कलाकार बहुत कम होते हैं जिनका नाम भारत पर रख दिया जाए। देशभक्ति फिल्मों में योगदान के लिए मनोज कुमार भारत कुमार के नाम से भी मशहूर हुए। गायिका करिश्मा प्रसाद ने कहा कि मनोज कुमार के उल्लेखनीय योगदान के लिए फिल्म जगत सदैव उनका ऋणी रहेगा। भारतीय संगीत कला अकादमी के सचिव व वरिष्ठ तबला वादक डॉ राकेश रंजन ने कहा कि भारतीयता से ओत-प्रोत फिल्मों के निर्माण व निर्देशन के साथ ही फिल्मों में सुंदर अदायगी के लिए मनोज कुमार लोगों के दिलों में रहेंगे। गायक रमण चौधरी ने कहा कि फिल्मों के जरिए लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने वाले फिल्मकारों में मनोज कुमार का अग्रणी स्थान है। रंगकर्मी व संगीत प्रेमी शंभु झा ने कहा कि मनोज कुमार एक बहुत ही उम्दा अभिनेता व निर्माता निर्देशक रहे।

# चैत्र मां दुर्गा पूजा और रामनवमी त्यौहार का उल्लास देखते ही बनता है : मंत्री

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चैती दुर्गा पूजा पंडालों में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया/गोमिया।** प्रखंड अंतर्गत के विभिन्न इलाकों में आयोजित चैती दुर्गा पूजा के पंडालों पर ग्रामीण श्रद्धालुओं की भीड़ और उनका उत्साह देखते ही बन रहा है। शनिवार शाम को महाअष्टमी के पावन अवसर पर गोमिया विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद अपने विधानसभा क्षेत्र के गोमिया प्रखंड का दौरा कर विभिन्न इलाकों में आयोजित चैती दुर्गा पूजा पंडालों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मंत्री जी ने सभी मंदिरों में पूजा अर्चना कर माथा टेक माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किए और झारखंड समेत गोमिया क्षेत्रवासियों की उन्नति की मंगल कामना की। साथ ही उन्होंने सभी लोगों को चैत्र मां दुर्गा और श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। उन्होंने यह कहा कि हर व्यक्ति और हर तबका इन त्योहारों का पूरा आंनद ले, शांति और सद्भाव का माहौल बना रहे और त्यौहार का समापन अच्छे से हो जाए और माता दुर्गा जी अपने सभी भक्तों के कष्टों को दूर करें तथा सबकी मनोकामनाएं पूरी करें तथा हर घर में अपार सुख, शांति, समृद्धि, उन्नति और प्रेमका वास हो यही मेरी कामना है। माननीय मंत्री श्री प्रसाद ने प्रखंड के बारीडारी पंचायत के चुगनू में आयोजित अखण्ड हरिकीर्तन

कार्यक्रम में शामिल हुए। उसके बाद उन्होंने बड़की चिदरी, चुट्टे तुलबुल, हजारी बस्ती और खुदगड़ा, होसिर पश्चिमी पंचायत के नैया टोली, होसिर चौधरी टोला, साड़म, गोमिया थाना चौक स्थित में एवं झिरकी में आयोजित चैती दुर्गा पूजा समारोह में शामिल हुए। तथा उन्होंने चटनियां बाग साड़म में आयोजित राम नवमी पूजा एवं साड़म निवासी इम्तियाज अली के घर पर आयोजित चालीसवां में शामिल हुए।

इस मौके पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा माननीय मंत्री साहब को भव्यस्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष लुदु मांझी, झामुमो वरीय नेता संतोष साव एवं मुखिया पति महावीर दास, अमित पासवान, मुकेश यादव, घनश्याम महतो, हीरालाल यादव, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव एवं संतोषी देवी, रंजीत कुमार, विकास प्रजापति, पंकज प्रजापति, दिलीप यादव और जितेन्द्र प्रजापति, सुनील प्रजापति सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# भाजपा ने कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया

**स्थापना दिवस**

## एक देश दो विधान के चलते श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कैबिनेट से दिया था इस्तीफा : नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर रविवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर कार्यक्रम में आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के दिवंगत नेताओं दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं का माल्यार्पण किया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष ने इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने वैचारिक अधिष्ठान को अडिग रखा है। हम वोट के खातिर इधर से उधर डिगे नहीं और सत्ता पाने के लिए हमने विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। इसी की ताकत से आज भाजपा आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू की कैबिनेट से इसलिए इस्तीफा दिया, क्योंकि उनका मानना था कि एक देश दो विधान से नहीं चल सकता। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने एकात्म मानवदर्शन का व्याख्यान दिया था। भाजपा ने एकात्म मानववाद को आगे बढ़ाया और मोदी जी के नेतृत्व में ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के रूप में अंत्योदय को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि केन्द्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करना नहीं चाहती है।

हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि कानून के भीतर स्थापित नियमों के पालन के साथ वक्फ का प्रबंधन चले। वक्फ बोर्ड की सम्पति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होंगे।



पार्टी की स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय में जेपी नड्डा को मिठाई खिलातीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता।

## चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के बिशप

**अमृतसर।** राईट रेव मनोज चरण को रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

धर्मांतरण नहीं, बल्कि वातालर्प का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

## स्पीड न्यूज

### अमेरिका में भारतीय मूल के जज गिरफ्तार

**टेक्सास।** भारतूय मूल के जज केपी जार्ज को अमेरिका में गिरफ्तार करने की खबर है। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। जार्ज ने इसे राजनीतिक साजिश करार बताते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया।मामला अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी का है। डिस्ट्रिक्ट अटार्नी के मुताबिक भारतीय मूल के जार्ज पर कथित तौर पर 30 हजार से 1.5 लाख डालर की मनी लांड्रिंग का आरोप है। इसके अलावा उन पर वायर फ्राड और चुनावी फंडिंग में गड़बड़ी के भी आरोप लगे हैं।

### टैरिफ को लेकर आज अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जगत में खलबली का आलम है। इसी बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका के व्हाइट हाउस आ सकते हैं। इसके लिए इजराइल सरकार ने तैयारी शुरू कर दी हैं। दो इजराइली अधिकारियों व एक व्हाइट हाउस के अधिकारी ने संकेत दिए हैं कि बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को टैरिफ के मुद्दे पर बात करने व्हाइट हाउस आ सकते हैं। इजराइल पर भी 17 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

### राहुल गांधी का बिहार दौरा आज

पटना। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु रविवार सुबह पटना पहुंचे। अल्लावरु लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 7 अप्रैल से शुरू होने वाले बिहार के दौरे को लेकर यहां आये हैं। राहुल गांधी बेगूसराय में नौकरी दो पलायन रोको यात्रा और बाद पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वे पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।

### चारधाम यात्रा में प्लास्टिक पर रोक

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस वर्ष हरित चारधाम यात्रा थीम पर विशेष अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकना और यात्रियों को शुद्ध व संतुलित भोजन उपलब्ध कराना है। यात्रा मार्ग के होटलों और खाद्य कारोबारियों को इस दिशा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। धामी ने कहा कि इस बार हम हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर तैयारी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले।

### अमृतसर में आइएसआइ का एजेंट गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक एजेंट जरमन सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को इस बारे में बताया कि आरोपी के पास से एक ग्लॉक (9 एमएम पिस्तौल), एक .30 कैलिबर पिस्तौल, 3 मैगजीन और दो लाख 15 हजार 500 रुपये की नकली करेंसी बरामद की है।

### जैकलीन फर्नांडीज की मां का निधन

मुंबई। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का रविवार को निधन हो गया। इससे पहले कुछ मीडिया आउटलेट्स ने खबर छापी थी कि जैकलीन की मां का निधन हो गया। हालांकि, ये खबरें आगे झूठी निकलीं। अब, आईएएनएस ने विशेष रूप से इस बात की पुष्टि की है कि किम फर्नांडीज वास्तव में नहीं रहीं। बता दें कि किम फर्नांडीज को 24 मार्च को स्ट्रोक आया था। जिसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जैकलीन फर्नांडीज मां से मिलने पहुंची थीं। मनामा में रहने वाली किम फर्नांडीज को 2022 में भी ऐसी ही स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें बहरीन के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## प्रधानमंत्री ने श्रीलंका में दो रेलवे परियोजनाएं का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ अनुराधापुरा में भारतीय सहायता से निर्मित दो रेलवे परियोजनाओं का किया उद्घाटन। दोनों नेताओं ने 91.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर की भारतीय सहायता से नवीनीकृत 128 किलोमीटर लंबी माहो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन किया। माहो से अनुराधापुरा तक एक उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली के निर्माण का शुभारंभ किया गया, जिसे भारतीय अनुदान सहायता से बनाया जा रहा है।**

# इफको से खेती हुई समृद्ध और किसान बने आत्मनिर्भर : शाह

एजेंसी

**केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कलोल में नए बीज अनुसंधान केंद्र का किया शिलान्यास**

**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इफको ने किसानों को सहकारिता के साथ और सहकारिता को खाद के साथ जोड़कर किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए एक विशेष पहल की है, जिसके परिणामस्वरूप आज खेती समृद्ध और किसान आत्मनिर्भर बन गए हैं।केन्द्रीय मंत्री शाह रविवार को गांधीनगर जिले के कलोल में दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) की मातृ इकाई तथा प्रथम यूरिया निर्माण परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने इफको के नए बीज अनुसंधान केंद्र की आधारशिला भी रखी।शाह ने इफको-कलोल की स्वर्ण जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इफको की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा कृषि, उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि के प्रति समर्पित रही है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्षों पूर्व इफको ने विकसित ठोस यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फास्फेट) के निर्माण से कृषि क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति थी, लेकिन समय के अनुरूप अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर जोर देते हुए आज इफको ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया है, जिसने पूरी दुनिया में भारत के सहकारी क्षेत्र का डंका बजा दिया है।




# रामलला के सूर्य तिलक सनातन राष्ट्र के हृदय का अमर दीप : योगी

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में श्री राम लला के ललाट पर सूर्य तिलक के दृश्य को सनातन राष्ट्र की आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस खास पल को लेकर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने इसे भारत की संस्कृति और परंपराओं की दिव्यता की अभिव्यक्ति करार दिया। योगी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि सकल सौभाग्यप्रद सर्वतोभद्र-निधि, सर्व,

**पूरे भारत को आत्मगौरव के प्रकाश से आलोकित कर रहा**



सर्वेश, सर्वाभिरामं। शर्व-हृदि-कंज-मकरंद-मधुकर रुचिर-रूप, भूपालमणि नौमि रामं॥ सूर्यकुलभूषण प्रभु श्री रामलला के भव्य भाल पर अंकित यह स्वर्णिम सूर्य तिलक सनातन राष्ट्र के हृदय में आस्था का अमर दीप प्रज्वलित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सूर्य तिलक पूरे भारत को आत्मगौरव के प्रकाश से आलोकित कर रहा है और यह हमारी संस्कृति की पवित्रता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह दिव्य क्षण विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के हर संकल्प को अपनी आभा से प्रकाशित करेगा। पोस्ट के अंत में उन्होंने जय जय श्री राम ! लिखकर अपनी भक्ति और उत्साह को व्यक्त किया।

## इंजीनियरिंग का चमत्कार है नये पंबन ब्रिज : वैष्णव

**चेन्नई ।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दक्षिण भारत में रामेश्वरम द्वीप को जोड़ने वाले नए पंबन ब्रिज को इंजीनियरिंग चमत्कार बताया। उन्होंने कहा कि ब्रिज से प्रमुख धार्मिक स्थल रामेश्वरम आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को यहां पंबन ब्रिज के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंबन ब्रिज भारत की इंजीनियरिंग क्षमताओं और रेल संपर्क को बेहतर करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस ब्रिज को पर्यटन को बढ़ावा देने और रामेश्वरम में प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित होगी।



पटना में रविवार को रामनवमी शोभा यात्रा दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्मानित करते लोग।

# बिहार के तीन स्टार्टअप को मिला महारथी पुरस्कार

**पटना।** बिहार के तीन स्टार्टअप लेडी फेयर, भोजपत्ता और ईवाय डेल्टा को अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महारथी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उद्योग विभाग ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्र सरकार की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित स्टार्टअप महाकुंभ कार्यक्रम में बिहार के तीन स्टार्टअप ईवाय डेल्टा, लेडी फेयर और भोजपत्ता को महारथी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चयनित स्टार्टअप को एक-एक लाख रुपये नकद दिया गया है। स्टार्टअप लेडीफेयर ब्यूटी कंसेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को विशेष प्रकार के सौंदर्य आधारित व्यवसाय स्थापित करने के कारण चयनित किया गया है। इस कंपनी का लोकप्रिय नाम लेडीफेयर है। इसे सीधे डायरेक्ट टू कंज्यूमर श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## गाजा पर इजराइली हमले में 15 की मौत

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी पर इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 15 नागरिकों की मौत हो गई है, जिनमें 10 महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हमले शनिवार रात से रविवार सुबह तक दक्षिणी शहर खान यूनिस में किए गए। स्थानीय नासेर अस्पताल के अनुसार, हमले में एक तंबू और एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए।इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम समाप्त कर फिर से हवाई और जमीनी हमले शुरू कर दिए थे।

# बंगाल के नंदीग्राम में बनेगा भव्य राम मंदिर

एजेंसी

**भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने अयोध्या की तर्ज पर राम मंदिर का किया शिलान्यास**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में प्रस्तावित राम मंदिर की आधारशिला रखी।

यह मंदिर उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित ऐतिहासिक राम मंदिर की तर्ज पर बनाया जाएगा। नंदीग्राम के सोनाचूरा गांव में इस भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। अधिकारी ने समारोह में भगवा चादर ओढ़कर हिस्सा लिया और विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर मंदिर के साथ आयुर्वेदिक और एलोपैथिक औषधालय सहित कई अन्य सुविधाओं के विकास की भी घोषणा की गई। मंदिर परिसर लगभग तीन एकड़ भूमि पर फैला होगा। आधारशिला रखने का कार्य सोनाचूरा आंदोलन (2007) के दौरान शहीद हुए सात ग्रामीणों में से एक दिवंगत देबरत मइती की पत्नी कल्पना मइती के हाथों संपन्न हुआ। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अयोध्या के पवित्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के बाद भारतीय सनातनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान श्रीराम को समर्पित इस मंदिर का भूमि पूजन और आधारशिला समारोह संपन्न हुआ। गौरतलब है कि 2007 में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ चले ऐतिहासिक आंदोलन के दौरान इन ग्रामीणों की जान गई थी।



# नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.94 लाख करोड़ घटा

एजेंसी

**पिछले सप्ताह सेंसेक्स 2,050 और निफ्टी 614.8 अंक लुढ़का**

**नयी दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,94,170.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,050.23 अंक या 2.64 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 614.8 अंक या 2.61 प्रतिशत का नुकसान रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही, जिसकी बाजार हैसियत बढ़ी है। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 1,10,351.67 करोड़ रुपये घटकर 11,93,769.89 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 95,132.58 करोड़ रुपये घटकर 16,30,244.96 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 49,050.04 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,03,178.45 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 14,127.07 करोड़ रुपये घटकर 5,40,588.05 करोड़ रुपये रही। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 9,503.66 करोड़ रुपये घटकर 9,43,264.95 करोड़ रुपये पर आ गया। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 8,800.05 करोड़ रुपये घटकर 13,90,408.68 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 3,500.89 करोड़ रुपये घटकर 5,27,354.01 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 6,85,232.33 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 312.85 करोड़ रुपये घटकर 5,12,515.78 करोड़ रुपये पर आ गई। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,013.59 करोड़ रुपये बढ़कर 9,94,019.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।



## आरबीआइ के नीतिगत निर्णय पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी किये जाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने एवं आर्थिक मंदी की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय पर नजर रहेगी। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत धीमी रही है, जिसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाया जाना है।

